तंत्र कौमुदी
NTKU
निखिल तत्व सायुज्य श्री साधना महाविशेषांक
Eight Issue – OCTOBER 2011
Tantra kaumudi

तंत्र

नित्यं सौभाग्यमेतत जनयति शुभदं दीपमाला सुमाला ,प्रेमाबद्धं च ललितं वितरति सत्यं दानमानादि सौख्यं |
हित्वा हेयं तमौघं प्रभवति विमलं ह्रदय तेजोऽभिधेयं ,वन्द्यं सिद्धेश्च निखिल : स्फुरतु मम ह्रदि ब्राह्मऽतेजोभिदीप्त

सुन्दर दीयो से सुशोभित यह दीपमाला सौभाग्य को उत्पन्न करने वाली हैं , जिसके आते ही लोग प्रेममय हो कर अच्छे वस्त्रो से सुसज्जित हो ,सत्य दान ,मान एवं बन्धुत्वमय व्यवहार करने लगते हैं यह दीपमाला सभी अन्धकार राशि को दूर करके स्वच्छ प्रकाश से संसार को आलोकित कर देती हैं, इस मंगल बेला में सिद्ध समूह से वन्दित गुरुदेव निखिल अपने ब्रह्मतेज से दीप्त हो मेरे ह्रदय में स्फुरित हो .

Lighted with beautiful earthen lamp , this deepmala generates luck, and on coming this festival everybody wears new Clothes,and behaves saty, daan,respect and friendliness to all , this Deepmala removes darkness and spread lights to whole world, in this auspicious time gurudev Nikhil praised by siddha mandal ,provide light in my heart through his bramhtej..

Dedicated
To
The Divine Holy Lotus Feet of
Param Poojya Sadgurudev Dr. Shri Narayan Datt Shrimali JI
(Paramhansa Swami Nikhileshwaranand ji)

Publisher

Of

Tantra kaumudi e-magazine

Nikhil Para Science Research Unit

Can be contacted through

http://nikhil-alchemy2.com

www.Nikhil-alchemy2.blogspot.com & Nikhil_alchemy yahoo group

TEAM MEMEBERS OF TANTRA KAUMUDI E- MAGAZINE

Editor | *Associates editor s And Creative Designer*

nikhilarif@gmail.com raghunath.nikhil@yahoo.in anuwithsmile@rediffmail.com

Name of the Articles

- *In The End*

You can Contact Us at nikhilalchemy2@yahoo.com.

General Rules :

This free e magazine available only to the follower register in the blog Nikhil-alchemy2.blogspot.com. and also nikhil-alchemy groups memeber . the article appear here, are /will be based on the divine wisdom of **SadGurudev Dr Shri Narayan Dutt Shrimali ji** , and his sanyasi shishyas . we as a your fellow guru brothers, here just providing words to their thought. For the address of these mahayogi's are not known to us, as they all are wondering saints.

The sadhana and mantra's appeared /mentioned in any article can be practiced ,on your own responsibility, to get success in sadhana you can have Diksha from anywhere where your faith,devotion and trust calls . for sadhana articles needed for that , you can purchase from any place ,as per you faith and trust suited to you ,

Please do not ask us for any type of sadhana related materials, and also for Diksha related Queries at any cost /condition , we does not sell any sadhana material (yantra , rosary etc).

Since sadhana is a very complex matter, for success and failure of any sadhana mentioned in any article here , many things required , to get success . that's why ,we do not take any responsibility in this connection. we also request, not to do any sadhana ,which is adverse and not permitted as per legal, morel, society belief.

This e magazine will be published monthly. You are receiving this magazine means that you are accepting the terms and conditions . at any time , you can withdraw your registration . this e magazine just a forum to share knowledge between us (Sadgurudev ji's shishyas - All guru brother and sisters),

if still any one raises questions regarding the authenticity of articles published here , for them, treat all articles just as a fiction and a ear say.

सम्पादकीय ......

प्रिय मित्रों ,भाइयों एवं बहिनों ,

निखिल प्रणाम,

विगत अंक से सम्बंधित आप सभी की राय हमारे चित्त को प्रसन्नता देने वाली थी . ये तो सत्य है की जो भी खट्टा मीठा हमारे संग्रह मे होता है ,उसे बिना संकोच के आप सभी के समक्ष रखना हमारा ध्येय है, वैसे सत्य ये है की अनुभूतियाँ नितांत व्यक्तिक होती है ,और मेरा अनुभव कदापि आपका नहीं हो सकता,परन्तु एक दिशा , एक पथ जरुर दृष्टिगोचर होता है ,इस आदान-प्रदान की क्रिया मे .इसी क्रम मे आप सभी के समक्ष प्रस्तुत अंक **"निखिल तत्व सायुज्य श्री साधना महाविशेषांक"** अर्पित है ,

अर्पित है ये अंक मेरे नहीं नहीं हम सबके प्राणाधार सदगुरुदेव निखिल के चरण कमलों में ,जिन्होंने कभी ज्ञान का आदान-प्रदान करने में जातिगत भेद भाव नहीं देखा,जिनका दिव्य स्पर्श शिष्य वर्ग मात्र के लिए था,और समर्पित था उनका पूर्ण जीवन भी हम सभी के लिए .तभी तो ज्ञान की एक धारा,एक विचार समय के साथ साथ सागर ही नहीं बल्कि महासागर में परिवर्तित हो गयी.

मेरे लिए ये अंक लिखना अत्यधिक गौरव का विषय थी,और भला क्यूँ नहीं होती,क्यूंकि मेरा जीवन उन्ही के चरणों में उन्ही को समझने में तो लगा और लगा रहेगा. उन्हें सोचते सोचते कब सब लिखते चला गया ,पता ही नहीं चला ,

हाँ दुःख है की और भी बहुत सारा लिख सकता था,पर नहीं लिख पाया ,क्यूंकि जितना मेरी अल्प बुद्धि ने जाना है , यदि उसे ही लिखता जाता तब भी ना जाने कितने लाख पृष्ठ कम पड़ जाते. फिर भी विषय के आधार पर उन साधनाओं और ज्ञान को आप सबके समक्ष रखने का साहस कर रहा हूँ

जिन्हें अज्ञात रखने का भरसक प्रयत्न जाता रहा है ताकि हर कोई पावन न हो जाये उस गंगाधर की मधुर ज्ञान धारा में .परन्तु नियति सबकी नियत है. इस अंक के लिए भी नियत है ,**यदि इन रहस्यों के ज्ञान के बाद भी हम अपने आत्मोत्थान के लिए गिडगिडाते रहे तो हमसे बड़ा हतभागी कोई नहीं होगा, अब सदगुरुदेव की कृपा प्राप्ति के लिए अपने ह्रदय का निर्मल होना और साहस का चरम भाव ही पर्याप्त होगा,निश्चित रूप से ये समस्त विधान आपको आपके अभीष्ट लक्ष्य तक अवश्य पंहुचा देंगे ,**

ये समस्त सूत्र सदगुरुदेव की असीम करुणा का प्रतीक हैं जो की मात्र हम जैसो के उद्धार के लिए ही काल कवलित होने से बचे रहे हैं. वे जानते थे की भविष्य में मेरे बच्चों को इसकी आवशयकता होगी ही.और इस अंक में श्री तत्व का वह अर्थ भी बताने की चेष्टा की है जो की हम कभी नहीं समझना चाहते हैं.

श्री मात्र ऐश्वर्य का प्रतीक नहीं है अपितु जीवन के प्रति सार्थक दृष्टिकोण की प्राप्ति ही वास्तविक श्री तत्व है. शक्तिपात रुपी ऊर्जा को सही रूप से संचयित रखकर ही हम एक सार्थक जीवन प्राप्त कर सकते हैं, और सदगुरुदेव की विराटता को देखने से बड़ा आनंद और सौभाग्य भला किसे कहा जा सकता है,

मेरा निवेदन है की आप एक एक शब्द को ध्यान से पढ़े और जो भी काम का लगे उसे स्वीकार कर अन्य जो भी स्वीकारणीय ना लगे,उसके बारे में भी अपनी राय जरुर बताइयेगा, निकट भविष्य में सदगुरुदेव के जीवन पर और भी अंक प्रकाशित करने की योजना है.हाँ अगला अंक **"शक्ति सायुज्य अघोर साधना महा विशेषांक"** है, जिसकी तैयारी में हम जोर शोर से लगे हैं.और उतना ही प्रयास हम कार्यशाला और किताब के प्रकाशन के लिए कर रहे हैं . ताकि प्रायोगिक रूप से इन विषयों को समझना आसान हो सके. हाँ सफलता के मूल में सदगुरुदेव का आशीर्वाद ही कार्य करता है,अतः ये विशेष रूप से ध्यान रखे.

मेरे प्रिय **अनुराग भाई और रघुनाथ भाई** का सहयोग पल प्रति पल मुझे मिलता ही रहता है ,तभी एक अंक साकार रूप में हम सभी के समक्ष आ पाता है ,निकट भविष्य में भी ये युगलबंदी कुछ नवीन रहस्य आप सभी के समक्ष अवश्य रखेगी... तब तक आपकी राय की प्रतीक्षा में. **जय सदगुरुदेव**

सदैव आपका ही भाई

आरिफ खान

SADGURUDEV - PRASANG

धन गरजे बरसे अमी

कभी-कभी जीवन में ऐसी घटनाओं का साक्षीभूत होना पड़ता है या ऐसी घटनाएं जीवन में घटित हो जाती हैं, कि वे चित्त पर हमेशा-हमेशा के लिए अंकित होजाती हैं और जब भी वे क्षण याद आते हैं या आंखों के सामने से गुजरते हैं, तो आंखें नम हो जाती हैं और दिल फटने लगता है । सन 1992 जनवरी माह में गुरुदेव को पेट में कुछ तकलीफ हुई और दर्द बढ़ता ही गया। मार्च 1992 में नवरात्रि थी और हम देख रहे थे, कि गुरुदेव धीरे-धीरे कमजोर होते जा रहे हैं,

उनका वजन कम होता जा रहा है और थोड़ी देर बोलने के बाद ही वे थकने से लगते हैं, मगर उन्होंने किसी को कुछ कहा ही नहीं, मैंने यह अनुभव किया है, कि चाहे उनके ऊपर पहाड़ टूट पड़े,

चाहे लाखों-लाखों चिन्ताएं और तनाव उनके जीवन में आ जायें, मगर वे मुंह से कुछ कहते ही नहीं, किसी को कुछ बताते ही नहीं, चुपचाप उस दुःख को, उस दर्द के, उस पीड़ा को, उस कष्ट को सहन करते रहते हैं और उस तनाव को पीते रहते हैं । हम लागों ने उनसे पूछा भी - "आप पहले से बहुत ज्यादा कमजोर होने लगे हैं, दो-दो घण्टे, तीन-तीन घण्टे **अजस्त्र**

और अबाध गति से आप प्रवचन करते थे, वहीं अब पन्द्रह-बीस मिनट बाद विश्राम करने लगते हैं, तो कोई न कोई ऐसी पीड़ा, कोई न कोई ऐसा दर्द जरूर है, जो आप बताते नहीं हैं । और मैंने देखा कि एक क्षण के लिए मन का दर्द उभरा, शायद होंठ उस दर्द को कहने के लिए थरथराने लगे, मगर फिर मुस्कुरा कर बोले - "ऐसा तो कुछ भी नहीं है, सब ठीक-ठाक है ही, मुझे क्या हुआ है? यदि कुछ हुआ भी है, तो मेरे शरीर को हुआ है –

'वासांसि जीर्णानि यथा विहाय,
नवानि गृह्णाति नरो पराणि।

भगवान कृष्ण ने तो साफ-साफ कहा है, कि जब कपड़ा पुराना हो जाता है, जीर्ण-जीर्ण हो जाता है, तो उसको उतार देते हैं और नया कपड़ा पहन लेते हैं –

'तथा शरीराणि विहाय जीर्णा,
न्यन्यानि संयाति नवानि देही ।।

और गुणवान श्रेष्ठ व्यक्तित्व ठीक उसी प्रकार से देह के प्रति भाव रखते हैं, कि यह देह के प्रति भाव रखते हैं, कि यह देह भी एक दिन जीर्ण-शीर्ण हो सकती है और यह प्राण, यह आत्मा पुराने शरीर को छोड़ कर नया शरीर धारण कर लेती है...... और ऐसा कह कर वे हमारे बीच में से उठ कर चले गये।

हम आठ-दस अंतरंग शिष्य बैठे हुए थे और उनकी बात सुनकर अवाक रह गये - गुरुजी यह क्या बोल रहे हैं? क्या गुरुजी ने शरीर को छोड़ने की क्रिया प्रारम्भ कर दी है? क्या उन्होंने शरीर को छोड़ने की तैयारी कर ली है? फिर ये श्लोक वे क्यों बोले? क्या वे हमें छोड़कर चले जायेंगे? .... और छोड़कर चले जायेंगे तो ये लाखों शिष्य कैसे जी सकेंगे, ये तो एक क्षण भी गुरुजी के बिना जिन्दा रहने की कल्पना ही नहीं कर सकते।

गीता के इस श्लोक को जब उन्होंने कहा, तो एक चोट सी मेरे सीने में लगी और ऐसा लगा, कि प्राण निकल जायें और मैं यहीं समाप्त जो जाऊं, यह मेरी ही भावना नहीं थी, यह हम सब शिष्यों की भावना थी।

समय बीतता गया और मैंने निश्चय कर लिया, कि चाहे कुछ भी हो जाय, मुझे प्रतिक्षण गुरुदेव के साथ रहना है। मैंने उनसे पिता का प्यार पाया है, आत्मीयता अनुभव की है, अंतरंगता अनुभव की है, और गुदेव की शीतल छाया का एहसास किया है, मुझे हर क्षण साथ रहना चाहिए और हम पति-पत्नी ने निश्चय कर लिया, कि हम साथ ही रहेंगे, हर क्षण, हर पल, हर सेकेण्ड।
परन्तु अप्रैल आते-आते तो उनका कष्ट बहुत अधिक बढ़ गया, शायद उनकी किडनी में कुछ इन्फेक्शन हो गया था।

उन्हीं दिनों गुजरात में दो दिन का शिविरहुआ, गुरुदेव बम्बई से वहां आये, मगर हम देख रहे थे, कि गुरुदेव धीरे-धीरे पीले पड़ते जा रहे हैं और जबरदस्ती अपने शरीर को खींच से रहे हैं, मगर फिर भी उन्होंने आये हुए हजारों शिष्यों को एहसास तक नहीं होने दिया, कि वे कष्ट में हैं; मगर हम लोगों को यह एहसास हो गया था, कि शीघ्र ही हमें बम्बई चलना चाहिए। माता जी, नन्दकिशोर जी, हम सब ने उनसे निवेदन किया, कि आपको हमारी भले ही आवश्यकता नहीं हो, मगर हम सभी को आपकी बहुत आवश्यकता है, आपको बम्बई चलना चाहिए; किन्तु वे नहीं माने....

उन्होंने कहा - "मुझे कोई तकलीफ नहीं है ।
लेकिन माता जी जिद्द कर बैठीं, उन्होंने कहा -
"आपको बम्बई चलना ही है, नहीं तो मैं अन्न छोड़ दूंगी, मुझे इस शरीर को रखना ही नहीं है ।

अंततः गुरु जी को झुकना पड़ा और हम सब उनके साथ बम्बई आ गये । एक शिष्य ने बांद्रा में अपना एक छोटा सा फ्लैट रहने के लिए दिया, यधपि और भी कई शिष्य फ्लैट देने के लिए आतुर थे, मगर गुरुदेव ने कहा, कि आप लोगों की जिद्द पर आ गया हूं, कोई भी फ्लैट हो, मुझे तो बस माता जी की इच्छा को पूरा करना है । मई का महीना तो गुरुदेव के लिए अत्यन्त कष्टदायक था, डाक्टर ने बताया - "गुरुदेव बहुत कष्ट सहन कर रहे हैं, जिस प्रकार उन्हें कष्ट है, उस प्रकार का कष्ट इतनी सहजता से सामान्य मनुष्य तो सहन कर ही नहीं सकता ।

गुरुदेव बिल्कुल निशिचन्त थे, उनके चेहरे पर हमेशा हल्की सी मुस्कुराहट बनी रहती, हम जब उनके कमरे में जाते, तो वे मुस्कुरा कर एहसास कराने की कोशिश करते, कि मुझे कोई तकलीफ नहीं है । मगर हम समझते थे, कि वे कितने अधिक कष्ट में, कितनी अधिक व्यथा में हैं । 'डुमसिया परिवार, 'श्री गणेश वटाणी और भी सैकड़ों शिष्य गुरुदेव की सेवा करने के लिए चौबीसों घण्टे दालान में बैठे रहते, शायद घर भी नहीं जाते; मगर गुरुदेव ने कभी किसी से कुछ कहा ही नहीं, जब भी किसी ने कुछ कहा, तो यही कहा, कि मुझे कोई कष्ट है ही नहीं ।

मैंने एक दिन हिम्मत करके पूछलिया - "गुरूदेव ! आप तो समर्थ हैं, आप तो इस बीमारी को एक सेकेण्ड में ही समाप्त कर सकते हैं ।
उन्होंने उत्तर दिया - "यह कष्ट मेरा नहीं है, यह तो पिछले चालीस सालों से शिष्यों का घनीभूत कष्ट है । उनका जो कष्ट मैं अपने ऊपर लेता गया, वह धीरे-धीरे इकटठा हो इतना घना हो गया, कि उस कष्ट का निराकरण और निवारण आवश्यक हो गया.... और यह पीड़ा तो है ही, मैं मनुष्य हूँ, मुझमें सहन करने की हिम्मत है, मैं सहन कर लूंगा ।
पांच दिनों बाद डाक्टर ने कहा, कि इन्हें अस्पताल में ले चलना होगा और पूरे खून का परीक्षण करना होगा, मगर यह क्रिया अत्यधिक कठिन होगी और दो-तीन घण्टे की होगी, जबकि गुरुदेव तो काफी कमजोर से दिख रहे हैं । हम सब चिनितत होगये, माता जी से सलाह ली, माता जी गुरुदेव के पलंग पर बैठ गईं और उनका हाथ अपने हाथ में लेलिया, उनकी आंखों से टप-टप आंसू बहने लगे ।

गुरुदेव ने धीरे से आंख खोल कर कहा - "क्या बात है? क्योंरो रही हो? यह तो थोड़ा सा कष्ट है, यह तो समाप्त हो ही जायेगा.... और मुझे तो कहीं कोई कष्ट अनुभव नहीं हो रहा है।
माता जी बोलीं - "डाक्टर कह रहे हैं, कि पूरे शरीर के खून को निकाल कर देखना पड़ेगा, मगरयह प्रक्रिया अत्यन्त कष्टप्रद है।
गुरुदेव इतनी कमजोरी की अवस्था में भी पलंग पर बैठ गये, उन्होंने कहा –

"बस इतनी सी बात है, मैं अभी चलता हूँ, शरीर के खून का एक-एक कतरा निकाल लें, इतनी छोटी सी बात के लिएविचलित होने की जरूरत ही क्या है? इस घटना की अपेक्षा तुम्हारे आंख के आंसू ज्यादा मूल्यवान हैं, इन्हें आंखों की कोर में ही रहने दो, बाहर मत निकालो।
- और वे वापिस पलंग पर लेट गये।
तीसरे दिन वे अस्पताल पहुँचे, डाक्टरों ने तैयारी की और मशीन लगाकर 'डायलिसिस आरभ किया। डायलिसिस अत्यन्त यंत्रणामय होता है, दु:खदायी होता है, क्यांकि आसपास के दो-तीन लोग, जिनका डायलिसिस हो रहा था, वे रो रहे थे, तड़फ रहे थे, बेचैन हो रहे थे - मगर गुरुजी अत्यन्त शांत चित्त लेटे हुए थे, ऐसा लग रहा था, जैसे शांति से नींद ले रहे हों। डाक्टर भी आश्चर्यचकित थे, कि इस आदमी में इतनी हिम्मत कैसे है? चेहरे पर पीड़ा का भाव ही नहीं। वे चिनितत होकर मशीन की तरफ देख रहे थे, मशीन तो बराबर कार्य कर रही थी; गुरुदेव के चेहरे की तरफ देखा, तो चेहरा निर्विकार था।
तीन घण्टे तक यह क्रिया होती रही और डाक्टरों ने गुरुदेव से कहा - "आप कुर्सी पर बैठकर लिफ्ट तक चलें।

उन्होंने कहा - "क्यों? पैरों से चल कर आया हूँ तो पैरों से चल कर ही लिफ्ट तक जाऊंगा, व्हील चेयर की जरूरत ही कहां है ....

और हमने देखा, कि डाक्टरों के लाख मना करने के बावजूद भी वे एकदम से पलंग से उठ खड़े हुए और हल्के से लड़खड़ाते कदमों से ही सही, परन्तु पूरा कारीडोर पैदल पार किया और लिफ्ट से नीचे उतर गये और कार में जा बैठे।
हम सब घर पहुंचे, मगर कष्ट अभी कम नहीं हुआ था; वे लेटे हुए जरूर थे, उनके चेहरे पर कांतिथी, मुस्कुराहट अवश्य थी, मगर उस कांति और मुस्कुराहट के पीछे भयंकर पीड़ा के भाव को भी हम अनुभव कर रहे थे; मगर होठों में किसी प्रकार की थरथराहट नहीं थी, आंखों में किसी प्रकार की नमी नहीं थी, चेहरे पर किसी प्रकार के थकावट के चिन्ह नहीं थे, ललाट पर किसी प्रकार की कांतिहीनता नहीं थी,

जबकि माता जी बहुत तनाव में थीं।
अधिकांश शिष्यों को कह दिया गया, कि आप केवल शाम की आरती में ही आया करें, दिन भर यहां नहीं रहा करें, क्योंकि आसपास के लोगों को आपकी उपसिथति से तकलीफ होती है।

सभी शिष्य विवश हो गये, किन्तु चिलचिलाती धूप में भी बाहर सड़क पर या फ्लैट के बाहर जो बगीचा होता है, वहां खड़े रहते, एकटक उस खिड़की की तरफ देखते रहते, जहां गुरुदेव लेटे रहते थे, एक-दो नहीं, सैकड़ों लोग..... तनाव से, चिन्ता से, थकावट से और उन परेशानियों से तीसरे दिन माता जी बीमार पड़ गईं, ऐसा लगा, कि जैसे पीलिया सा हो गया हो, यह एक नई समस्या पैदा हो गई थी । डाक्टर को बुलाया गया, डाक्टर ने खून टेस्ट किया और कहा, कि इनको अस्पताल में भरती कराना ज्यादा ठीक रहेगा ।
डाक्टर चले गये, माता जी ने कहा - "मुझे अस्पताल में ऐसे समय में भर्ती नहीं होना है ।

माताजी से भी अत्यधिक कष्ट गुरुजी को था, मई महीने की चिलचिलाहट भरी धूप, गर्मी, उमस, घुटन, चलने की शä निहीं, पूरी पीठ पर फफोले से हो आये थे, पूरे शरीर में छोटे-छोटे चिकत्ते से हो गये थे और डाक्टरों ने कह दिया - "चौबीस घण्टों में एक गिलास से ज्यादा पानी पीना ही नहीं है ।

कुछ कल्पना ही नहीं की जा सकती थी, कि गुरुदेव कितने अधिक कष्ट में हैं, कितनी अधिक पीड़ा में हैं, कितना अधिक तनाव झेल रहे हैं? इधर माता जी का स्वास्थ्य कमजोर होता जा रहा था, वजन गिरता जा रहा था, तेजी के साथ वजन गिरते देखकर हम चिंतित हो रहे थे, एक दिन सायंकाल तो उनमें उठने की शक्ति नहीं रही, दूसरे सभी शिष्यों को गुरुदेव ने मना कर दिया, कि आप लोग नहीं आयें । सिर्फ मैं और मेरे पति और गुरुदेव के परिवार के सदस्य - हम कर ही क्या सकते थे, विवश से देख रहे थे ।
गुरुदेव ने कहा - "आपको अस्पताल में भरती हो जाना चाहिए । किन्तु माता जी ने कहा - "आपको छोड़कर मैं अस्पताल नहीं जाऊंगी ।
हम में इतनी हिम्मत भी नहीं थी, कि हम माता जी की जिद्द तोड़ते या गुरुदेव से कुछ कहते ।

पन्द्रह मिनट बाद गुदेव ने मुझसे कहा, कि माता जी का कष्ट मुझे अपने ऊपर ले लेना चाहिए, अगर माता जी अस्पताल नहीं जातीं, तो मुझे उनका सारा कष्ट भोग लेना चाहिए ।

मैंने कहा - "आप यह क्या कह रहे हैं? आप स्वयं इस घोर कष्ट में हैं और चौबीस घण्टों में केवल 200 मिली लीटर पानी पीकर दिन काट रहे हैं, ऊपर से इतनी गर्मी है और आपका शरीर कमजोर, दुर्बल..... और आप कह रहे हैं, कि माता जी की बीमारी मैं अपने ऊपर ले रहा हूँ ।

उन्होंने कहा - "मुझे भोगने दे, जो भोगना है, और मुझे इसी जीवन में भोग लेना है, यदि शिष्यों का है, तब भी और इससे भी सौ गुना ज्यादा भोगने की हिम्मत मैं रखता हूँ।

हम सब अवाक थे और सोच रहे थे, कि यह क्या हो रहा है? शाम का समय था ही, भगवान की आरती समाप्त हो गई और दो-चार-बचे-खुचे शिष्य भी अपने घरों को लौट गये थे। गुरुजी और माता जी कमरे में अकेले थे। गुरुदेव उठे और माता जी के पलंग पर जाकर बैठ गये। माता जी अत्यन्त कष्ट में थीं, शरीर पीला हो गया था, आंखों में पीलापन साफ झलक रहा था, अत्यधिक रुग्ण लग रही थीं। गुरूदेव ने माता जी का हाथ अपने हाथ में लिया और धीरे-धीरे हाथ को सहलाने लगे.... यह कैसा दृश्य था.... अदभुत, अनिवर्चनीय दृश्य था, जिसे देखना भी एक सौभाग्यदायक क्षण था, मगर अन्दर ही अन्दर दुःखदायी भी था।

गुरुदेव ने कहा - "क्या बात है? रो क्यों रही हो, कमजोर क्यों हो रही हो? जब जीवन के प्रारम्भ से लेकर आज तक इतना दुःख भोगा है, तो यह दुख भी भोग लेंगे, मिल कर भोग लेंगे और इसके लिए रोने की, परेशान होने की जरूरत नहीं है, तुम्हें इतना काम करना ही नहीं चाहिए। ....और धीरे-धीरे माता जी की पीठ सहलाने लगे। माता जी की आंखो से आंसू उमड़ आये, हिचकियां सी बंध गई और सुबकने लगीं।

गुरुदेव नेकहा - "तू पागल हो गई है। मैंने तेरे साथ अगिन को साक्षी रखकर फेरे लिये हैं और कहा भी है, कि सुख में और दुःख में साथ रहेंगे -फिर तो तुम्हारा दुःख मेरा दुःख है, तुम्हारा कष्ट मेरा कष्ट है, तुम्हारी पीड़ा मेरी पीड़ा है, तुम्हारी वेदना मेरी वेदना है; तुम्हारी आंख में आंसू आने ही नहीं चाहिए। ....और गुरुदेव एकटक उनको देखते हुए उनके हाथ को अपने दोनों हाथों मे रख सहलाते रहे, मुझे लगा शायद उस क्षण अगिन के फेरों से लेकर आज तक का सारा दृश्य आंखों के सामने घूम गया होगा। लगभग एक घण्टा हो गया, जबकि डाक्टरों ने कहा था, कि गुरुदेव को दो मिनट भी बैठे नहीं रहने देना है, सोने ही देना है, बैठेंगे तो समस्या बहुत बढ़ जायेगी; मगर एक घण्टे से ज्यादा हो गया, दरवाजा थेड़ा सा खुला हुआ था और हम सुबकते हुए यह दृश्य देख रहे थे,

हमें क्या पता था, क गुरुदेव माता जी के शरीर पर हाथ फेरते हुए उनके शरीर का कष्ट स्वयं के ऊपर ले रहे हैं, एक क्रिया कर रहे हैं; हम तो सोच भी नहीं सकते थे, कि इतना कमजोर व्यक्तित्व इतना चटटानवत हो सकता है, कि वह दूसरों के दुःख को अपने ऊपर ले सकता है। .... और एक घण्टे बाद, माता जी को समझाने के बाद गुरुदेव उठने लगे, मगर उठते-उठते बोले - "तुम्हें चिन्ता करने की जरूरत नहीं है, मैं तुम्हारे साथ में हूँ, प्रति क्षण, प्रति पल, सुख में और दुःख में, मुझसे पहले तुम्हारे प्राण जा ही नहीं सकते, तुम्हें कष्ट हो ही नहीं सकता, मैं हर क्षण तुम्हारे साथ में हूँ और तुम्हारा हूँ, आज के बाद तुम्हें तकलीफ होगी ही नहीं। ....और धीरे से माता जी ने आंखें खोलकर देखा, गुरुदेव ने उनकी हथेली को अपनी हथेली के बीच हल्के से भींचते हुए कहा –

" अग्नि को साक्षी मानकर तुम्हारा वरण किया है, सही अर्थों में तुम मेरी पत्नी हो और मेरे दु:ख भरे क्षणों को मुस्कुरा कर सहा है । यह मेरा धर्म है, यह मेरा कत्र्तव्य है, कि मैं तुम्हारे सारे दु:खों को अपने ऊपर ओढ़ लूं, क्यांकि मैं पुरूष हूँ और पुरूष दु:खों को सहन कर सकता है, वहन कर सकता है ।

...और उठ कर नीचे चटाई बिछाकर धीरे से लेट गये ।
गुरुदेव को जमीन पर लेटते हुए देख माता जी ने धीरे से कहा - "यह आप क्या कर रहे हैं?
गुरुदेव ने कहा - "मैं जो कुछ कर रहा हूं, ठीक कर रहा हूं ।

हम सब दालान में उन दोनों की धनीभूत पीड़ा का एहसास कर रहे थे, उनकी वेदना को अनुभव कर रहे थे और सुबक रहे थे, सोच रहे थे, कि ये क्या व्यक्तित्व हैं, कितने महान व्यक्तित्व हैं, कितने अदभुत व्यक्तित्व हैं, कि इतना घोर कष्ट झेलते हुए भी माता जी की सारी बीमारी अपने ऊपर ले ली है और उनको एहसास तक नहीं होने दिया, ऐसा पुरूष तो दूसरा पैदा हो ही नहंी सकता - ये तो अपने आपमें हिमालय से भी दृढ़ और आकाश से भी ऊंचे हैं । और दूसरे दिन हमने देखा, कि जैसे माता जी को कभी कोई बीमारी हुई ही नहीं थी ।

जब दस बजे डाक्टर आये और माता जी को देखा, तो आश्चर्यचकित रह गये, कि ये इतनी जल्दी ठीक कैसे हो गईं, एक रात्रि में ठीक होना तो असम्भव है, महीने भर इलाज कराने पर ही ये ठीक हो पातीं, जबकि केवल बारह घण्टों में ही ये आराम से चल-फिर रही हैं, खाना खा रही हैं, काम कर रही हैं । डाक्टर ने पूछा भी - "यह सब कैसे हो गया? लेकिन हम उनको क्या समझाते ।

डाक्टर गुरुदेव के कमरे में पहुँचे, तो देखा, गुरुदेव शांति से पलंग पर लेटे हुए हैं, शायद उन्हीं नींद आ गई थी, डाक्टर ने उन्हें जगाना उचित नहीं समझा और आश्चर्य का भाव लिये, चकित से लिफ्ट से नीचे उतर गये । यह घटना कोई छोटी घटना नहीं है, यह एक पूरे जीवन की कहानी है, एक गृहस्थ के जीवन का ज्वलन्त उदाहरण है, अपने आपमें अदभुत दृश्य है, एक रोमांचक क्षण है, जो हमारी आंखों के सामने से गुजरा है और इन क्षणों की तुलना तो करोड़ों-करोड़ों स्वर्ण मुद्राओं से भी नहीं हो सकती । हमने देखा है, कि वे आकाश से भी ऊंचे और हिमालय से भी दृढ़, कठोर, हिम्मतवान, हौसलावान व्यक्तित्व है, ।

वास्तव में ही गुरुदेव एक अदभुत, अनिवर्चनीय व्यक्तित्व है,, इनके व्यäतिव का वर्णन करना पूरे ब्रह्माण्ड का वर्णन करना है । इन जैसे दिव्य व्यक्तित्व को प्रकृति हजारों-हजारों वर्षों बाद पृथ्वी लोक में जन्म देकर प्राणी मात्र को सौभाग्य प्रदान करती है। इनके शिष्यत्व को प्राप्त करके हम सभी धन्य हैं, गौरवान्वित हैं । हम सभी की अभिलाषा यही है, कि इसी तरह इनके चरणों की सेवा करते हुए इन श्री चरणों के रज कणों को अपने मस्तक पर लगाते रहें तथा पावनतम बने रहें ।

****

SADGURUDEV-PRASANG

In 1992 Sadgurudev was feeling some problem in his stomach and slowly and slowly this problem grows. In march navratri we all are watching that Sadgurudev slowly slowly appearing weak and his body weight getting down and he start taking rest in between speaking. Taking more rests while speaking a little, but he never said this to any one, ,this what I feels that even the problem all round circled him, and no matter what the worst situation comes but he never speak about them, silently bearing all that pain , and continuously drinking poison of situation but silently bearing all type of pain said nothing.

We asked him - you are appearing much weaker comparing to earlier, you previously give pravchan continuously for 2 to 3 hour without taking any rest but now taking rest between every 15 -20 minit, this means definitely any pain or tension you are undergoing but not expressing to us .

What I found that for a minit he want to say but he controlled himself and again speaks with smile , what is wrong is with me. Everything is fine and if some thing happens that , too with my body

Bhagvaan shri krishn has said when cloths get old and torn than we changed that

Like that wise people have the same feeling towards their body and this body one day get like the clothes and this soul leave the old body get a new one….. and he stand up and leave all us who I s sitting the room .

We are all 7/8 very close disciple who was sitting with him, get shocked that what this Sadgurudev has said, are he started the process of leaving this body: are he is doing the process of that ? than why he said that shloka , will he leave us ,

And if he leave than how can million of his shishy will live they can not imagine to live without him for a second. When he said that shloka , I really get shocked , what I felt that , why not I am finish on that moment but this was not only mine feeling but all of us feeling the same.

And made up mine mind, come what may , but I have to be with my Gurudev each second, we get fatherly love form , so much closeness , so much sneh than we both husband and wife decide that we will be with Sadgurudev in every moment in each second.

But till April his pain was so much increasing may be some kidney infection,, at that time there was a shivir organized in Gujarat, Gurudev reached there from Mumbai but we are watching that Sadgurudev color becoming yellowish and he forcefully using his body. But he does not make a impression to shishy that he is in such a pain but we decided that we have to move to Mumbai for Sadgurudev complete medical checkup,

mataji ,nandkishor ji and we all request that may we you do not need all of us but we definitely need you. You have to go with us Mumbai.. but he is not ready..

He replied .. I have not have any problem.

But mataji ji keep on saying you have to go Mumbai other wise I also left food and water and leave this body.

So at last we all with him reached to Mumbai. One of his shishy offered his small flat for Sadgurudev staying. Even some more shishy's are willing to do , he said that I came here just because all of your so much pressure of ma here because i have to fulfill mataji desire,

The month of may pass very hard for him regarding health condition, even doctor says that its very painful to bear such a pain, a normal common person can not bear this , but it s very strange how Gurudev patiently bearing this.

Sadgurudev was very confident a mild smile always on his divine face., whenever we visited inside the room, he always assure that nothing wrong with him but we all know that how much pain the Sadgurudev was undergoing.

"Dumasia family""shri ganesh vattani" and hundreds of the shishy always sitting in the lounge for Sadgurudev ji may if any thing we needed. and they not usually went to home, Sadgurudev never said to anything to them. If some one say something to him . he simply replied , there is nothing wrong is my body.

One day on getting courage I asked to Sadgurudev why you are bearing this trouble, you are much capable ,and within a second you can get healed from this illness..

He replied: this pain is not mine, this the cumulative condense pain of past 40 years of shishy's. That slowly slowly I am taking from them , now become so much condense that i need to clear that .. and yes there is pain but if I am a manav and have capacity to bear than I will bear.

After 5 days doctor advised him that he has to go to hospital from complete blood examination this is very difficult process and required 2/3 hour but Sadgurudev ji looking very weak, we all are very worried , so asked advice from mataji , mataji sit very nearer to Sadgurudev and take Sadgurudev hand in her hand and tears starts flowing from her eyes

Sadgurudev very slowly opened his eyes , =what is the matter , why are you crying, this is small pain and will be gone ,..and I am not feeling any pain.

Doctor said mataji spoke- that complete blood has to be take out and this process is very much trouble some.

Sadgurudev in spite of so much illness sit on the bed and said " just such simple things, I am ready to just now, they can examined each particle , why to worry to worry for such small things. Your tears are much more valuable, keep this inside your eyes,"

And than he again rest on the bed,

On the third days he reached hospital and through machine dialysis process start, this is very tough and very painful two or three person who are undergoing this are cry become very impatient, but Sadgurudev laying on the bed with so ease alike sleeping . even doctor amazed to see this. How can this person bear such a pain, no sign of any pain visible on the Sadgurudev face. Machine are doing the work but Sadgurudev face showing no sign of any discomfort.

Three hours this process happened after that doctor asked Sadgurudev take chair to reach nearer to the lift, Sadgurudev replied why to take chair , if I came here on my feet than I can go back too,, we all watched witched this even little bit having problem Sadgurudev crosses the whole passage and reach near to the car,

When we reached the home still pain is not vanished he is lying on the bed but having divine radiance on his face and smile , we can understand that the pain he is feeling,, no sign of any stress but mataji feels a lot tension.

And after all the shishy has been advised kindly visit here only on the between aarti and plz do not stay here all the day since families of other patients often get trouble,, now on this agya what the shishy can do they move to near by park , where they are waiting and see the window of the room , not one or two but hundreds of the people

Due to this tension/stress , continuously worries mataji 's health also get some complication and doctors advised her to go for hospital complete test ,

But matajis replied when Sadgurudev ji in such a condition I do not need to get admitted in hospital.

But Sadgurudev ji is facing much trouble , on point such a very bitter heat of month of may, no power to walk , so much humidity, and on because of continuously laying on the bed so many wounds are appearing on his back, and doctors said he can drink only one gilas of water par day.

One cannot imagine how much the pain Sadgurudev is bearing ,how much stress he is bearing, here mataji 's health is also decline , her body weight is also decreasing , we are also very worried to see that, and one days she was unable to even stand up ,and Sadgurudev also instructed to other shishy's not to come.

Here only myself and mine husband and some of the Sadgurudev family/relatives left , but what we both can do , watching all thses helplessly.

Sadgurudev asked her to admit in the hospital but she replied , "I can not leave you"

we all have not courage to say something contrary to mataji's wish or Sadgurudev.

After 15 minits Sadgurudev told me that I would take the suffering/illness of mataji's , is mataji is not wiling to go hospital than all her suffering i will bear and felt.

I said- what are you talking about you are here in such a intense pain and only taking one gilas of water in whole day , in such heat and your body is in such weak condition.. and still you are saying that you are taking mataji's illness upon you.

He relied- I would bear what I have to , and this is too in this life, and even if it is belongs to shishyas than I will bear hundreds times of that , I am having such a courage.

We all are shocked, thinking that we is this going on,

In the evening time , aarti comes to end and remaining 2-4 shishyas also went to their home, Sadgurudev and mataji is in room alone. Sadgurudev stand up slightly and sit on the matajis bad, matajis is in such intense pain her bodies color also turned to yellow ,looking very ill, Sadgurudev ji take her in his hand slowly slowly having his hand on her hand.,…what that séance was..really unspeakable, watching that is also a great luck but inside very painful too.

Sadgurudev told her- what is the matter , why are you weeping ,why are you too becoming too weak from the beginning of this life to till this we have suffered a lot than we will bear all this together, for that not to weep a not to get so much stressed, you should not do such a tense work.

And slowly slowly softly moving his hand on her back, tears starts flowing her eyes and her voice get choked because of emotion ,

Sadgurudev told her – are you getting mad, I have taken seven holy round of fire and said that we are with in happiness and sorrow than all your sorrow is mine, all your stress I s mine and all your suffering is mine , than no tear should come out of your eyes.

.. and Sadgurudev watching continuously her and slowly slowly softly moving his hand on her hand it seems that whole life from that seven agni fere to till date all that has been passes from his eyes.

Approx, 1 hours has been passed, doctor already told us that Sadgurudev should be sit even for 2 minits, otherwise e his illness can be worsen. But here is more than a hour passed , we are watching from the door which is slightly open and we are have tears in our eyes, cannot not imagine that though moving hi s hand on her hand Sadgurudev taking her illness on himself, can not imagine that even such a weak health condition this person has a courage , and still willing to take the pain.

After one hour Sadgurudev stand up from there, and spoke that – you need not worry about that , I with you each and every moment, your soul can not gone before mine, you will not feel any pain , am with you and I am yours and after this day you will not feel any pain.

And when matajis slowly open her eyes , Sadgurudev pressing her palm from his palm and- I have accept you in the witness of holy fire you are in real sense mine wife and you faced mine sorrowful moment with smile , so this is mine responsibility , that I will bear all your pain, since I am the purush and it's the purush that can bear the pain,

And very slowly opened a mat on the floor an d laying on that.

Seeing all this mataji ,matajis told him- what you are doing

Sadgurudev replied, what I am doing I know that is right.

In the lawn we all are sitting can feel the pain , and thinking that what is this person/personality , how much heighten his personality. Even bearing such pain , still take all the matajis illness, and no one understand this, no other such a person can born again.

He is stronger than the Himalaya and heighten than sky.

And second days we all have seen that it seems suppose no illness ever came on matajis.

Doctor when visited at 10 o clock can not believe that how that becomes possible , in a night she is completely recovered , for that she at least have to go one month complete treatment , and she start taking food, and he asked - ho w this can happens.

But what we can give explanation.

When doctor see the Sadgurudev laying on the floor very silently as it seems that he is under sleep , and doctor think not to get disturb him moved back.

This is not a very small incident , the whole life story, a great example of house hold life, an amazing moment and that has been passed in front of out eyes, and noting can comparison this movement even million of million gold coin too.

We had seen Sadgurudev is mightier and stronger than the Himalaya and what a courage of a person.In real sense , Sadgurudev is such amazing/mightier personality that even describing about him Is like describing whole universe., and such divine appear on some thousand years to bless the human like us,,

we all are blessed to have his shishyta , proud to became his disciples. And praying that we all having such a an opportunity to serve him and apply the dust of his holy feet, on our forehead , and became holier,

From Mantra Tantra yantra vigyan August 1996

SHRI lakshmi vinayak PRAYOG

भगवान गणपति के वरदायक स्वरुप को घर में स्थापन करा सकने में समर्थ तीव्र प्रयोग

बुद्धि के पक्ष को कभी भी हम अनदेखा नहीं कर सकते हैं, क्योंकि जो भी हमें जीवन में उच्चता मिली हैं या मिलती ही उसमे इसका भीएक बहुत बड़ा हिस्सा होता ही हैं उदाहरण के लिए मानलीजिये आपके पास से कहीं से एकसाथ रुका हुआ स्वर्जित घन या बिं अर्जित धन लाटरी जैसे माध्यम से आ भी गे तो और अब आप उसे सही और व्यवस्थित ढंगसे अपने जीवन में उपयोग नहीं कर पाए तो पुनः अपनी प्रारंभिक स्थति में जाने में कितना समय लगता हैं इस लिए प्राचीन आचार्यों ने तंत्रज्ञों ने कहा की यदि लक्ष्मी तत्व जरुरी हैं तो उससे भी कहीं ज्यादा जरुरी हैं की भगवान गणपति का वरदायक स्वरुप का घर में स्थापन .

एक बात हमें भी याद रखना चहिये कि साधनाओ को अलग अलग करके नहीं देख जाना चहिये क्योंकि जीवन के सारे पक्ष एक दुसरे से जुड़े हैं और इसी तरह साधनाए भी एक दुसरे से जुडी ही रहती हैं क्यों की जीवन को एक सम्पूर्णता की दृष्टी से ही देखना पड़ता हैं और चाहिए भी और उसमे हर पक्ष का अपना एक अलग ही अर्थ हैं.

ध्यान :

दंता भये चक्र दरौ दधानं कराग्रगस्वर्णघटं त्रिनेत्रं |

घृताब्जया लिन्गितमब्धीपुत्र्या लक्ष्मीगणेशं कनकाभमीडे ||

मंत्र :

ॐ श्रीं गं सौम्याय गणपतये वर वरद सर्व जन में वशमानय स्वाहा ||

यदि आपके पास कोई भी लक्ष्मी गणेश प्रतिमा हो या लक्ष्मी गणेश यन्त्र हो तो उसको सामने रख कर यह सारी प्रक्रिया करे और बाद में उसे अपने पूजा स्थान में रख कर प्रतिदिन 108 बार उच्चारण करते चले ,और निश्चय की आपके जीवन में इन दोनो महा शक्तियों कि कृपा से और भी जीवन अनुकूल होगा ही .

****

Shri lakShmi vinayak prayog

We cannot over shadow the importance of intelligence /buddhi what we achieved till date or what we are going to achieve one of the major role in that our intelligence played. For example any how you got some your earned money that are due to some reason blocked , or got some unearned money through any reason and you are not able to use that wisely than soon you will find yourself on the previous position .

that's why our ancient masters tantra field says a that if lakshmi tatv is necessary than the ganesh tatv also have much more importance .

One should keep in mind that sadhana's should not be considered separated from each other as the many face of life are joined though a single person like a the same way all the sadhana are related to each other, since we have to see the life as its complet form, and it should be.. and each face has its own value or importance.

Dhyan :

Danta bhaye darou ddhanam karagrgswarnghatm trinetram |

Ghritabjya lingitambuddhputrayaa lakshmiganesham kanakamide||

Mantra:

On shri gam soumayay ganpaatye var vard sarv jan me vashmaanay swaha ||

If you have any combined statue of both or having lakshmi ganesh yantra , and place in front of you and do all the process and after that place that yantra or statue in your prayer room and do jap 108 times each days soon you will find relief .and your life will blessed by thses two great maha shakti.

Nikhil tatv –related amazing sadhanye

पहली बार गृहस्थ साधको /शिष्यों के लिए

निखिल शब्द कितना महत्वपूर्ण है यह तो वह व्यक्ति ही समझ सकता है जो उस प्रेम मे अभिभूत हुआ हो. जो उस विराटता का अंकन कर सका हो. जिसने जाना हो कि वह एक व्यक्ति न हो के एक सत्ता ही है जो ब्रम्हांड की गति है. जिनके सामने महान से महान तांत्रिक मांत्रिक योगी सभी नतमस्तक हो. जिनके इशारे पर देवी देवता कार्य करते है. उसी महान विराट सत्ता का एक अत्यधिक पावन नाम "निखिल" है. इस पीढ़ी का सौभाग्य है की निखिल ने अंशावतार लेकर हम सब के बीच मे रह कर हमें धन्य किया है. उन्हें देखने समझने जानने का सौभाग्य दिया है, और उनके शिष्य बनाकर एक महानतम कार्य करने के लिए अपने शिष्यों को कृतग्य किया.

लेकिन आज जो भी परिद्रश्य हमारे आसपास देखा जाता है तो पता चलता हैं की इस पवित्र नाम से राजनीति करने तक लोग नहीं चूके तो आश्चर्य होता है की लोग आखिर कब समझेंगे की निखिल तत्व का अर्थ क्या है.?? क्या अर्थ है सदगुरुदेव शब्द का. यहाँ कई व्यक्ति इस "सदगुरुदेव " शब्द को अपने नाम के आगे लगाना चाहते है. इन व्यक्तियो को तो छोडो उनके शिष्यों ने तक उन्हें नहीं समझा.

किसी को स्वप्न के माध्यम से दर्शन हुए तो दुखी है की प्रत्यक्ष नहीं आए. किसी को अन्तश्चेतना मे दीक्षा प्राप्त करने की विधि दी जा रही है तो कहते पाया गया की नहीं वो प्रत्यक्ष हो के ही दीक्षा दे. कोई कहता है की मुझे उनके साथ घूमने जाना है? सौभाग्य की चरम सीमा होती है जब उनकी अमीद्रष्टि किसी पर पड़ती है. लेकिन एक बार भी अपने अंदर झांक के ये नहीं देखता है की हम ने आखिर ऐसा किया ही क्या है की उनके चेहरे पर एक स्मित मुस्कान आए, आखिर उनकी कृपाद्रष्टि को स्वीकार न कर के अपने नियम उन पर लादना और बाद मे उसे सदगुरुदेव के तरफ का प्रेम का नाम देना !

हकीकत तो ये है की ज्यादातर अंधीदौड मे लग गए है की उसको ऐसा मिला तो मुझे भी चाहिए, वो श्रेष्ठ है तो मुझे भी बनना है उसने ये किया है तो मुझे भी करना है; उनको सदगुरुदेव ने ऐसे दिया तो मुझे भी वैसे ही चाहिए और यह सब क्या है...प्रेम? एक बार खुद से ही यह प्रश्न ज़रूर पूछिएगा.

खेर, जैसे की पहले भी कई बार कहा जा चूका है इष्ट का अर्थ होता है की वह सत्ता की तरफ समर्पण जिसे हम ब्रम्हांडीय सत्ता कहते है या मानते है. वह कोई भी हो सकता है देवी देवता या गुरु भी. इसी क्रम मे निखिल को इष्ट स्वीकार कर कई प्रकार की नयी साधना पद्धतियो का प्रचलन हुआ, जो की मुख्य रूप से श्री निखिलेश्वरानंद से सबंधित रही है. यह साधनाए ज्यादातर सन्यासी शिष्यों के मध्य प्रचलित रही है. श्री की प्राप्ति तथा श्री तत्व की प्राप्ति के लिए भी कई साधनाए प्रचलित रही है.

जो की सदगुरुदेव से कई बार प्रार्थना करने पर उन्होंने प्रार्थना को स्वीकार कर अपने सन्यासी शिष्यों के माध्यम से प्रदान की. उन्ही अत्यधिक महत्वपूर्ण साधनाओ मे से श्री सायुज्ज साधनाओ के क्रम मे कुछ साधनाए मे आपके सामने रख रहा हू जो सभी साधना के लिए सामान्य नियम कुछ इस प्रकार है

- साधना रात्री काल मे १० बजे के बाद करे
- जप स्फटिक माला से हो. वस्त्र व् आसान सफ़ेद रहे. दिशा उत्तर हो.
- रोज मंत्र जप की संख्या व् समय एक ही रहे
- यथासंभव एक समय हल्का आहार, कम वार्तालाप, भूमि शयन तथा ब्रम्हचर्य का पालन करे.
- साधना के बाद माला को एक महीने तक धारण करे और उसके बाद माला विसर्जित करे.

आप इन साधनाओ मे से कोई भी साधना कर सकते हैं पर जिस क्रम से दिए गयी हैं उसी क्रम से करने पर ज्यादा लाभ , ज्यादा सफलता की प्राप्ति होती हैं .

NIKHIL TATV –ADBHUT SADHANAYE

The importance of the word Nikhil could only be understood by those who have gone through the love of the same, those who have been able to understand wideness of this word. Those who knew that he is not just a person but a controlling power with which this universe is running. In front of whom the biggest tantric and mantrik all are bowed, on whose order god and goddesses works.

That supreme power’s holy and sacred name is Nikhil. This era have a boon that Nikhil took anshavatar and staying with us he obliged us, he gave us fortune to see understand and know him and by blessing us with a title of his disciple he spread love in the form of noble task. But today it is very sad and surprising to see people using this holy name for their politics around us will a time came when they get to know what does Nikhil tatva means? What does the term SadGurudev means?

Here so many people want this title in front of them. Leave those cheap, but disciples even did not bother. If someone gets his glimpse in the dream they are sad that he didn't came bodily! If someone is given a procedure to have initiation in antaschetana then they are found telling that no, we want him to give diksha with body! Few say that we want to have travel time with him?!! It is the greatest boon when he looks at us with his holy eyes. But even once we did not looked inside us that what we have done so much that may give smile on his face,

after all not accepting his blessings but to apply force on him to do the things the way we want with our rules and after that to give it a name of our love towards him! Infact, reality is people are running blindly that he got it, I even want that, he is excellent, I even want to be excellent, they did that, I also want to do that, sadgurudev gave them this way, I also want that way and what all these things are….love? We should ask our self this question at least once.

Anyways, as many time before too had the same thing been said that meaning of the Ishta is the the devotion towards the power which we accept as basic source of energy. Ishta could be anyone god, godess or Guru. In this way accepting Nikhil as Ishta so many sadhanas came to light which are mainly related to Shri Nikhileshwaranandji.

These sadhanas have majority remained famous among sanyashi disciples. These ways, to get shree and shree tatva so many sadhana have remained famous. Which were granted and given by sadgurudev on many prays from sanyashi disciples. Among those very important sadhana; few important sadhana incorporating "Shree" are given below for which general rules remains same which are as follows.

- Sadhana should be done after 10 o'clock in night.

- Chanting should be done with sfatik rosary. Cloth and aasan should be white in colour. Direction should be north.

- Daily no. Of chantings and time should remain same

- So far as possible, follow the rules of one time light food, less speaking, sleeping on the earth and bramhacharya.

- After sadhana one should wear the rosary for one month and then should be dropped.

Sadhak is free to do any of the sadhana from above but if one do it in a sequence this remains more comfortable.

Nikhil beej shreem beej sadhana

जीवन में श्री तत्व को पूर्णता से प्राप्त करने के लिए

श्री का स्थान जीवन मे अत्यधिक महत्वपूर्ण है. इस विद्या को भी महाविद्या का स्तर प्राप्त है. जीवन के चार मुख्य पक्षों मे अर्थ से सबंधित श्री अर्थात भौतिक सन्दर्भ मे धन की प्राप्ति के लिए यह साधना अपने आप मे एक विलक्षण साधना कही जा सकती है. तीन मुख्य शक्ति बीज मे "श्रीं " बीज का स्थान तो अपने आप मे साधको के मध्य ,पूर्ण ख्याति प्राप्त है इस महान मंत्र मे निखिल बीज को श्रीं बीज से सम्पुटित किया गया है. इस मंत्र का श्री पाप्ति के लिए अपना एक विशेष स्थान है.

इस साधना से साधक को श्री तत्व की प्राप्ति होती है. त्रिअक्षरी मंत्र की जितनी प्रशंशा की जाए उतनी कम है. साधक की धन सबंधी समस्याओ का निराकरण होता है.

साथ ही साथ सब से महत्वपूर्ण ये है की साधक की धनप्राप्ति के लिए उसे विद्या प्राप्ति भी होती है जिससे उसे धन वृद्धि मे भी कभी सहज ही कोई समस्या आने की संभावना नहीं रहती.

मंत्र :

श्रीं निं श्रीं

इस मंत्र का सवा लाख जाप का अनुष्ठान करना चाहिए इसके बाद इस मंत्र से शुद्ध धृत की 108 या 1008 आहुति अग्नि मे देनी चाहिए. इस मंत्र के अनुष्ठान को अधिकतम 21 दिनों मे कर लेना चाहिए

जिसके लिए पूर्ण अनुष्ठान संभव न हो उन व्यक्तिओ को इस मंत्र की रोज एक माला जाप करना चाहिए. ऐसा नियमित रूप से करने पर व्यक्ति को उपरोक्त लाभ प्राप्त होते है.

Nikhil BEEJ Shreem Beej Sadhana:

The place of Shreem in the life is important. This vidya is also having title of Mahavidya. Among the four main aspect of the life; artha related aspect's material matter is related with shreem for which this sadhana could be placed on top. In three main powers the place of beeja shreem is very famous among sadhak.

In this great mantra Nikhil beeja is merged with shreem beeja. This mantra has its own place in the sadhana of shree gaining.

With this sadhana sadhaka gets sree tatva. For this three letters mantra, appreciation is smaller word. Sadhaka's all problems related to money gets solve.

With this most important thing is sadhak gets understanding of wealth gaining with which he generally there remains almost no possibilities to get any problem in future related to this.

Mantra: **Shreem Nim Shreem**

Anusthan of this mantra should be done of 1,25,000 chanting after that one should give aahuti of pure ghee 108 or 1008 times with the same mantra. One should complete this anusthana maximum in 21 days.

Those who are not able to do this anusthan should chant one rosary daily. By repeating this on daily basis person can have the above mentioned results

Nikhil aishvary sadhaNa

ऐश्वर्य को सम्पूर्णता से प्राप्त करने की साधना

ऐश्वर्य का अर्थ है सभी दिशाओ मे सफलता तथा नित्य उन्नति. जीवन से जुड़े सभी पक्षों मे आप निरंतर गतिशील रहे तथा गति एक समान मात्र न रहकर उसमे नित्य प्रगति करते ही रहे इस हेतु ऐश्वर्य साधना करना नितांत आवश्यक है. सदगुरुदेव ने समय समय पर साधको को ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए अनेको विधान प्रदान किये है. लेकिन एक साधना ऐसी भी है जिसमे पालक देव विष्णु को सदगुरुदेव मे स्थापित मान कर सदगुरुदेव को ऐश्वर्य तत्व के प्राधान्य मान कर की जाती है. परिणाम स्वरुप सदगुरुदेव अपने शिष्यों को प्रेम भाव से ऐश्वर्य की प्राप्ति का आशीर्वचन देते है

इस साधना को करने के बाद प्रकृति एसी घटनाओ का सर्जन साधक के आस पास कर देती है की समाज मे उसका स्थान बढ़ जाता है, पारवारिक समस्याओ का निराकरण हो जाता है और एक सद्गृहस्थ व्यक्ति की श्रेष्ठ स्थिति की प्राप्ति सहज ही संभव हो जाती है.

इस साधना को करने से पूर्व साधक सदगुरुदेव से मन ही मन अनुमति ले. और साधना शुरू करे. साधना शुरू करने से पूर्व साधक को सदगुरुदेव के अंदर स्थापित विष्णु देव का मन ही मन ध्यान करे.

इस साधना मे साधक को निम्न मंत्र के 21000 जाप करने है जो की 11 दिनों मे हो जाने चाहिए. साधना के अंतिम दिन 108 आहुति इसी मंत्र से शुद्ध घी से प्रदान करे

मंत्र : ॐ निं ऐश्वर्याधिपतये नमः

यह महत्वपूर्ण साधना को संपन्न करने के बाद साधक को सदगुरुदेव की तरफ से ऐश्वर्य प्राप्ति का आशीर्वचन मिलता है.

****

Nikhil AishwAry sAdhANA

The meaning of aishwarya is daily progress and success. In the every aspects of the life one may remains active & progressive and the progress should no remain constant but keeps on growing more for that purpose one should do aishwary sadhana.

Sadgurudev have presented lots of procedure in this subject.

But there is one sadhana in which Vishnu is believed to be merged with sadgurudev and Sadgurudev a controller of prosperity with the same image sadhana is done. Resulting this; sadgurudev provide his love in the form of blessings to have prosperity.

After completing this sadhana nature creates such incident near to sadhaka that his place in the society gets increment, family problems gets solutions and easily gains the place of a gentlemen's great comfort life.

Before starting this sadhana sadhak should take permission from sadgurudev mentally and then only starts the sadhana. Before mantra chanting sadhak should meditate lord Vishnu inside sadgurudeva's image.

In this sadhana sadhak needs to do 21000 mantra chantings which should be completed maximum in 11 days. On the last day of sadhana; sadhak should give aahuti of the ghee 108 times with the same mantra

Aum Nim Aeishwaryaadhipataye namah

After accomplishing this important sadhana sadhak receives blessings from sadgurudev for prosperity

Nikhil bhagyodaya sadhana

दुर्भाग्य को हटा सकने में समर्थ एक साधना

कर्म के बंधनों से इस पृथ्वी लोक मे हमारी गति वर्तमान के रूप मे आकार लेती है. इसी क्रम मे भाग्य है जिस प्रकार से हमने हमारे कार्य इस जन्म या पूर्व जन्म मे किए है उसका उचित अनुचित परिणाम ही भाग्य का लेखा जोखा है. कई बार यु होता है की विभिन्न परिस्थिति सामने आ जाती है जिसमे कई लाभ हो सकते है लेकिन आखरी वक्त मे वह किन्ही कारणों से हम उस लाभ से वंचित रह जाते है. या फिर एक खुश हाल जिंदगी मे कई प्रकार की समस्याए अचानक ही आ जाती है. तब उद्गार निकलते है की हमारे भाग्य मे ही दोष है. तो आखिर इस भाग्य को कैसे बदला जाए?

भाग्योदय के लिए भी कई विधान दिए जा चुके है लेकिन एक शिष्य के लिए निखिल से सबंधित भाग्योदय साधना का स्थान तो दूसरे विधानों से ऊपर ही रहेगा.

इस साधना के लिए साधक को एक अखंड दीप जलना चाहिए जो की जितने दिन तक साधना चले उतने दिन तक निरंतर प्रज्वलित रहना चाहिए. अगर बीच मे दीपक खंडित हो जाए तो साधक को साधना खंडित मान कर उसे फिर से करना चाहिए

साधक को चाहिए की वह निम्न मंत्र के 60,000 जाप 21 दिन मे पूरे कर ले.

मंत्र :

ॐ निं पूर्ण गुरूवै नमः

साधना को कर लेने पर साधक के चेहरे पर एक नया तेज छा जाता है, जिस परिस्थिति की कामना की जाती है वह परिपूर्ण होती है और साथ ही साथ आगे की साधनाओ के लिए भी सफलता की संभावना को यह साधना बढ़ा देती है. साधक को मन्त्र जप काल मे सदगुरुदेव की उपस्थिति का भान होता ही है. यह साधना से भाग्य कितने भी रूठे हो, भाग्योदय होता ही है.

****

Nikhil Bhagyoday SadhaNa:

With the law of karma our present gets its form on the earth. In this way, there is a place for fate. The way we did our karmas in this or previous life the positive and negative results of those are only the calculations of fortune. Many times it happens that lots of opportunities comes to the door which can give lots of benefits but at last moments with few reasons we do not get benefit. Or in a joyful life there certainly comes bunch of troubles. At that time word automatically comes out of the mind that there is a fault in fate. So how can we change that fate?

For the rise of fortune many of the processes have already been given previously but for a disciple Nikhil related fortune rising sadhana will stay top in compare to other procedures.

For this sadhana, sadhak should light akhnada lamp which should keeps on lighting for the total days of sadhana. If the lamp lost light in between sadhak should stop the sadhana and should repeat it again from begining.

Sadhak should do 60000 chantings of the following mantra which should be completed in maximum 21 days.

Aum Nim purn Guruvei namah

Completing of the sadhana will give a new era on sadhaka's face, what so ever situation is desired could be turned in favour and with this possibilities for the success in the further sadhanas too increases. In the time duration of mantra chanting sadhak will surely feel presence of sadgurudev. With this sadhana, however the fate is infavorable, it will turn to rising fortune.

Nikhil vaibhav sadhaNa

वैभवशाली जीवन दिलाने में समर्थ एक अद्वितीय साधना साधना

वैभव का अर्थ है की जो कुछ भी हमारी न्यूनता हो उसे हम दूर करे और साथ ही साथ जो भी ऐश्वर्य हमारे पास है उसका हम पूर्ण रूप से लाभ उठा सके. वैभव साधनाओ के बारे मे सदगुरुदेव ने कहा है की अगर हमारे सामने ५० विभिन्न मिठाई हो लेकिन पेट मे दर्द है, मधुमेह है तो क्या फायदा. सुख और ऐश्वर्य की प्राप्ति मात्र से क्या होगा जब तक हमारे पास उसके उपभोग के लिए बल न हो.

भोग , भौतिक जीवन का एक अंग है. भोग है इसी लिए मोक्ष है. इस पक्ष को भी भली भांति समझना चाहिए और उसके लिए ऐश्वर्य के साथ ही साथ वैभव चाहिए. आप एक रेशमी कपडा लाए उसे सिलवाया लेकिन वो जब तक आप धारण ही न कर सके तब तक वह किसी काम का नहीं, अगर आप उसे धारण कर लेते है तो ही आपके उस ऐश्वर्य की सार्थकता है

वैभव से सबंधित इस निखिल साधना को समपन्न करने के लिए साधक को निम्न मंत्र के 11000 जाप 11 दिनों मे करना चाहिए. ताज़ी मिठाई का भोग लगाये तथा साधना के बाद उसे प्रसाद मे ग्रहण करे. साधना के दिनों मे गुरु चिंतन मे लीन रहे

ॐ निं कोषाधिपतये पूर्ण वैभव प्रदायमे नमः

इस साधना से साधक सभी प्रसस्त मार्ग मे विजय प्राप्त कर लेता है और भौतिक जीवन का पूर्ण रूप से उपभोग करता है.

Nikhil VaibhaV sadhaNa:

The true meaning of vaibhava is to remove all the deficiency and with that what so ever amount of the prosperity is there with us, we becomes able to have complete benefit of it. About vaibhav sadhana sadgurudev had told that if we have 50 different sweets infront of us and we have stomach pain, or diabetes then what is the use. What will happen with just gaining prosperity unless you don't have capacity to use that. Bhoga is an important aspect of material life. Moksha is there because bhoga is there. One should understand this side even and for that one needs vaibhava with aishwary. You took a fabric cloth, made a cloth out of it but if you cannot wear there is no use of it, if you can wear it then only your prosperity has a meaning

To complete Nikhil sadhana related to vaibhav one should do 11000 chantings of the following mantra in 11 days. One should offer fresh sweet in the bhoga and after mantra chanting one should have it in form of prasaad. In the sadhana days one should have maximum thoughts of gurudev.

Aum nim Koshaadhipataye purn vaibhav pradaayme namah

With this sadhana sadhak wins in every aspect and can have a blissful material life.

Nikhil tatv shrisaayujy sadhaNa

निखिल की तत्वशक्ति श्री विद्या साधना

निखिल तत्व के बारे मे लिखने की इस ब्रम्हांड मे सामर्थ्य नहीं है. जिस तत्व से निखिल गति का सञ्चालन करते है, अस्तित्व का बोध करते है वही तत्व शक्ति निखिल तत्व है. उस तत्व को समझने के बाद क्या कुछ बाकी भी रहता है? चाहे वह सदगुरुदेव से सन्देश प्राप्त करना हो या उन्ही के निदर्शन मे साधना करना या फिर सतत निखिलमय बन के जीवन को स्वर्णिम बना देना. फिर कुछ भी तो बाकी नहीं रहता.

हालाकि यह पूर्ण रूप से सन्यस्त साधना है और इसका पूर्ण विधान भी अत्याधिक श्रम साध्य और दुस्कर ही है. निखिल की तत्वशक्ति श्री विद्या है. निखिल तत्व अपने आप मे पूर्ण शिव का परिचारक है जब वह तत्व , शक्ति से गतिशील होता है तो वह शक्ति श्री विद्या के रूप मे सामने आती है. इस देव दुर्लभ साधना का एक लघु विधान सभी भाई बहिनों के मध्य रखना चाहूँगा

इस साधना के लिए साधक का पूर्ण ध्यान व् समर्पण सिर्फ और सिर्फ मात्र सदगुरुदेव निखिल की तरफ होना चाहिए. यह साधना 30 दिनों की है जिसमे हर रोज 11माला मंत्र जाप करना चाहिए, अगर साधक चाहे तो 21 माला मंत्र जाप कर सकता है.

निं पूर्ण सिद्धिं निं श्रीं निखिलेश्वराय नमः

इस साधना का महत्व शब्दों मे नहीं आँका जा सकता सिर्फ इसे महसूस ही किया जा सकता है ठीक कोई मिठास, सुगंध या मनोहर द्रश्य की तरह.

(साधक इन साधनाओ मे से किसी भी साधना को कर सकता है लेकिन इसे क्रम मे करने पर ज्यादा उचित है)

****

Nikhil tatv shree saayujj sadhana:

There is no one capable in the universe to write about Nikhil tatva. The tatva with which Nikhil controls the powers, can form a realization, that tatva power is Nikhil tatva. Is there anything left after understanding that tatva?

Rather it is about receiving messages from sadgurudev or to do sadhanas in his personal guidance or to dissolve you in Nikhil and to make the life real worth. Nothing remains left.

However the sadhana is completely sanyast sadhana and the complete procedure is also rare and hard work intensive. Tatva shakti of Nikhil is srividya. Nikhil tatva is completely shiv in its form and when it becomes charged with power; the power comes in the form of shrividya. I would like to place a small procedure of this rare sadhana in front of all brother sisters.

For this sadhana; sadhaka's total concentration and devotion should remain on sadgurudev Nikhil only. This sadhana is for 30 days in which daily 11 rosary of mantra chantings should be done. If sadhak wishes they even can do 21 rosary chantings

Mantra:

Shreem nim purn siddhim nim shrim nikhileshwaraay namah

The importance of this sadhana could not be described in the words but could only be felt like sweetness, fragrance or an attractive scenario

Astrology- Numerology

अंक विज्ञानं की कुछ बातें

ज्योंतिष के कितने अधिक आयाम हैं या कितनी अधिक उचाई संभव हो सकती हैं हम कभी समझ ही नहीं पाए , हाँ यह जरुर कर लिया की कुछ किताबे पढ़ कर अपने आपको ही सब कुछ मान कर बैठ गए , सदगुरुदेव ने भी कभी कहा था की वे सोचते थे कि कोई तो इन प्रारंभिक ज्ञान की बाते पढ़ कर उच्चस्तरीय बाते के लिए सामने तो आता और कहता कि हमें उस उच्चता पर जाना हैं पर ,,,,,

साथ ही साथ यदि आप परम गुरुदेव का पत्र जो उन्होंने सदगुरुदेव को लिखा था इसे आप " तांत्रिक सिद्धिया " में पढ़ सकते तब आप समझ पाएंगे की ज्योंतिष विज्ञानं के लिए उनके मन भी कितनी उच्चता रही हैं,

हम इन लेख माला में कुछ ऐसे ही विषयों की ओर आपका ध्यान करवाते रहे हैं, हाँ यह जरुर हैं कि इसे मात्र एक उच्चस्तरीय पाठक और विद्वानों के लिए ही नहीं लिखा जाये बल्कि सामान्य भाई बहिन भी कुछ तो समझ सके ... जान सके , ,,फिर धीरे धीरे इन विषय से सम्बंधित उच्च स्तरीय बाते भी सामने आती ही जाएगी क्योंकि इस पथ पर अभी तो हम प्रारंभिक कदम ही उठा रहे हैं.

और इस विज्ञानं में कदाचित सरल सा लगने वाला विज्ञानं हैं अंक विज्ञानं,,

जो भी बाते मैं लिख रहा हूँ उनको और अच्छे से समझने के लिए आप सदगुरुदेव द्वारा लिखित "अंक दीपिका" और " अंक ज्योतिष" किताबे पढ़ कर अच्छी तरह से आत्मसात कर सकते हैं .

इस विज्ञानं के लिए आपको कोइ ज्यादा उच्चस्तरीय गुणा भाग नहीं करना पड़ता हैं सिर्फ साधारण जोड़ करते बनता हो बस इतना ही अधिक हैं,,,

सदगुरुदेव कि ये किताबे मेरे घर में , मेरे को बाल्य काल में ही मिल गई थी , तब से मेरा शौक हो गया की किसी भी नंबर को देखूं और लग जाता उसे जोड़ने में की यह किसी तरह कि क्या यह अंक किसी त्तरह से मेरे जन्मांक से मिल जाये अब यह जन्मांक क्या हैं? यदि आपकी जन्म तारीख 21 हैं तो 2+1 =3 , या 25 हैं तो 2+5=7 हुयी और 10हैं तो 1+0=1 हुयी या 28 हैं तो 2+8=10=1+0=1 मतलब आपको अपने जन्म तारीख के अंक को तब तक आपस में जोड़ना हैं

जब तक की सिर्फ एक अंक न आये और यही आपका जन्मांक हैं.

और फिर इसे सदगुरुदेव द्वारा लिखित किताब में देखे उसमे सदगुरुदेव कमांक से इस अंक की विशेषताए बताई हैं, पर जब मैं अपने जन्माक की विशेषताए देखी तो लगा की मेरे को दृष्टी गत रख कर ही सारा उस अंक के बारे लिखा गया हैं मुझे बहुत ही आश्चर्जनक लगा ,

अब तो हर दिन मेरे लिए आने नए आश्चर्य जनक चीजे सामने लाता .. मैंने ध्यान से देखा तो पता चला की मुझे जो भी अंक वार्षिक परिक्षा में मिले या जो भी रोल नंबर मिले इन सभी में यह अंक इतनी बार आने लगा की मेरा विस्वास और आकर्षण बढ़ने लगा फिर तो मुझे ट्रेन में बिर्थ नंबर से लेकर जहाँ भी देखों यह अंक में या तो शुभ या अशुभ जो भी होता उसमे वह होता ही था . अब मैंने अब थोडा और गंभीरता से अध्ययन करना चालू किया .

तब पाया की न केबल इन जन्माक का बल्कि जो भी हमारा प्रचलित नाम हैं उसके अंको के वर्णों कुल योग भी बहुत अर्थ रखता हैं वह योग को हमारे जन्माक से मित्रता या फिर मैच करना ही चाहिए ही , पर यह कैसे पता लगाये , इसके लिए उस किताब में एक तालिका .टेबल दी हुयी हैं .

इस टेबल में अंग्रेजी वर्णमाला के हर अक्षर के लिए एक अंक निर्धारित हैं पर अपने नाम के हिसाब से उस से एक एक वर्ण के लिए नंबर चुनते जाए और फिर देखें की क्या उसका टोटल/कुल योग क्या बनता हैं, उस को सदगुरुदेव ने अच्छी तरह से समझाया हैं . और इसे उन्होंने अनेक उदा ह रण दे कर समझाया हैं .और आप यदि उसके हिसाब से अपने नाम कि spelling में परिवर्तन कर अपने जीवन को उच्चता कि तरफ ले जा सकते हैं .

पर इतना होने के बाद भी कई लोगों के मन में यह बात उठेगा की चलिए मेरा जन्मांक का असर तो दिख गया पर क्या यह सब पर यही नियम लागु होगा नही नही कई बार यह नहीं भी संभव होता हैं तब,

तब अंक शस्त्रियों ने एक नयी व्यवस्था दी जिसे संयुक्तांक कहते हैं इसका मतलब आपनी जन्म तारीख + महिना+ वर्ष जोड़ को एक अंक तक ले आये अब देखे कि क्या यह अंक का कुछ अर्थ हैं ...

जैसे 3 nov 1990 = 3+1+1+1+9+9+0=24=2+4=6

या फिर आप केबल अपने जन्म वर्ष का योग करके देखे, अनेको उदाहारण में यह भी पाया गया हैं,

जैसे 1968 =1+9+6+8 =24 = 2+4= 6

और इस तरह से आप वह संयुक्तांक सकते हैं जिसकी भूमिका आपके जीवन में रही हैं , और उस अंक को पाने जिस भी शुभ कार्य में उपयोग करेंगे तो और भी सफलता आपको पास होगी ही . पूज्य सदगुरुदेव की किताबे इस विषय में पढ़े आपको और भी ज्यादा विस्तृत ज्ञान प्राप्त होगा ही .

****

Some point about numerology

There many dimension of astrology and one can get such a height of gyan/divine knowledge can be possible but we can not understand that , yes that what we did that merely reading some books and consider or proclaimed about us that we knew every thing, even once Sadgurudev ji has said that they thought that some one would approach to him for advanced stages gyan of this science and say to him that I want to have perfection but…

In addition to that if you read a letter written by param Gurudev ji to Sadgurudev ji , than you can understand what is the place of this science in his heart ., in this series we will introduce to you some of such a aspect but it Is sure that this will not be always for only scholar and well expert one but also to our common brother /sister who do not have basic knowledge about this science too. than slowly slowly moved to the higher aspect and advanced aspect too.

And in this dimension , may be very simple looking dimension is numerology.

Whatever I am writing here to get more understanding and more aspect you can also read “ank deepika” and “ank jyotish” these two book of Sadgurudev ji

In this numerology , in the beginning you do not need to expert in astrology or in maths , but having knowledge of basic maths like addition will be satisfactory.

Thses Sadgurudev I have found in my home from my early age so it s quite natural that whenver any number comes to my sight I start to add and want to co relates how this number is related to mine janmaank

Now what is this janmaank . if your date of birth is 21 than 2+1=3 , if 25 than 2+5= 7 if 10 than 1+0=1 or 28 than 2+8=10+1+0=1 that means simply adding the bairth date number till you get single digit. And thi s single digit is your janmaank,

And you can search this number means janmaank peculiarities from Sadgurudev written book , he has mentioned various qualities and positive /negative things of the janmaank . when I checked mine I found it seems like Sadgurudev written all that keeping view of mine activity. And that was amazing.

Now each days comes , comes with many amazing things , and when I concentration on this science I found that even role number marks obtained din annual exam and not only this but getting train birth reservation and on many places this number comes again

an again.that all start attracting mine attention and I start again contacentrating and serious study about this science.

Than I found that not only our date of birth but the numeric total of our name is also having a big influence on that , means the add the number associated with each letter and have a total and this total have a very close relation ship with our janmaank, and both should be properly get matched but how we can know that , for that consider sasgurudev book that contains the table ,

And if it does not than make some slight change in your spelling and see now that matches or not .that small change can lead you to path of success and happiness.

After that some will questioned that it s true that your janmaank I s matched but what about other , this rules applicable to all , no no this is not certainty,

Than numerologists discovered new way to get the number that is sunyukatakshar means add your your date of birth + month +years and start adding till you get single word.

Like 3 nov 1990= 3+1+1+1+9+9+0=24=2+4=6

Or can add your only date of years this will also help you to understand which number governing to your life.

In this way you can understand /get your sanyukataank , that has a very specific role in your life, than use in any shubh kary , will reap more benefit, and read Sadgurudev book you will get more gyan/knowledge.

Nikhil tatv & shri tatv Most hidden secret revealed first time

इन्हें तो आत्मसात हर शिष्य को करना ही हैं

अपनी जिज्ञासाओं के शमन हेतु बहुदा मैं सदगुरुदेव जी से प्रश्न किया करता था और उनके निर्देशानुसार भिन्न भिन्न सन्यासियों या साधकों के समक्ष अपनी जिज्ञासा के समाधान हेतु प्रश्न रखा करता था। इसी क्रम में जब बात गुरु तत्व या **निखिल तत्व** को आत्मसात करने की आई तो इस हेतु मुझे सदगुरुदेव ने मुझे **सोऽहं स्वामी** जी के पास भेजा,स्वामी जी ने सम्पूर्ण सिद्धियाँ मात्र गुरु साधना के द्वारा ही प्राप्त की हैं और उन्होंने किसी भी साधक के जीवन का चरम लक्ष्य **सिद्धाश्रम** प्रवेश गुरु साधना के द्वारा ही प्राप्त किया है।क्योंकि निखिल तत्व अपने में वृहद अर्थों का समावेश किये हुए है, अतः यहाँ ज्यादा विस्तार में ना जाकर मात्र उतना ही लिखा गया है ,जो की हमारे लिए आवश्यक है,विषय को बिलकुल भी खीचने की कोई कोशिश नहीं की गयी है।

प्र० **निखिल तत्व क्या है,और उसका हमारे लिए क्या महत्त्व है** ?

उ० सृष्टि का सम्पूर्ण विस्तार अर्थात वस्तु,ज्ञान,ब्रम्हांड,तत्व और तेज जिस तत्व में समाहित हो जाये उसे अखिल कहा जाता है और उसी अखिल को अपने में समाहित कर लेने का तत्व या भाव **निखिल** कहलाता है। इस तत्व की प्राप्ति के बाद अज्ञान का पर्दा हटकर ज्ञान का प्रकाश फैल जाता है। और सभी दुखों की निवृत्ति होकर केवल और केवल आनंद का साम्राज्य प्रसारित होता है। अधोगति की समस्त संभावनाएं तिरोहित हो जाती है और रह जाती है तो मात्र उर्ध्व गति। इसे अत्यधिक जटिल शब्दों में भी परिभाषित किया जा सकता है, परन्तु यदि सरल शब्दों में उसे समझना हो तो इससे सरल कुछ और नहीं कहा जा सकता है। क्यूंकि इस तत्व की विवेचना करने में तो समस्त शास्त्र और वेद भी नेति नेति कह उठते है। कहा भी गया है की

“असित गिरी समं स्यात कज्जलं सिंधु पात्रे ----------

--------------------------------- पारं न याति”

इसलिए अर्थ वे ही महत्वपूर्ण होते हैं जिन्हें ह्रदय सहर्ष स्वीकार कर ले।तब भी समझने के लिए एक उदाहरण से इसे समझा जा सकता है :-

द्वापर युग में महाभारत के युद्ध काल में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को अपना ब्रम्हांडीय स्वरुप दिखाया था ,पर उसके पहले वे लगातार गीता का उपदेश देकर उसे प्रेरित करते रहे की तुम युद्ध करो और यही तुम्हारी नियति है इसी नियति को लेकर तुम जन्मे हो। परन्तु अर्जुन कदापि तत्पर नहीं हो पा रहे थे उस मनोभाव को एकाकार करने के लिए ,आखिरकार जब उपदेश से उसका हल नहीं निकल पाया क्यूंकि कई बार शिष्य के मनोमष्तिष्क पर अज्ञान की इतनी धुंध चढ़ी होती है की वो सद्गुरु द्वारा की गयी विवेचना को स्वीकार नहीं कर पाता है

उस अखिल सत्य को अंगीकार नहीं कर पाता है और ऐसी स्थिति में उसका पराजित होना अवश्यम्भावी होता है तो ऐसे में सद्गुरु को अपने निखिल तत्व का समावेश शिष्य में करने के लिए उस पर दिव्य नेत्र जागरण की अद्भुत क्रिया करनी ही पड़ती है ,ठीक वैसा ही जैसा की भगवान श्री कृष्ण के समझाने पर भी जब अर्जुन उनकी गूढ़ बातो को नहीं समझ पा रहा था तो भगवान को अपना विराट रूप दिखाना ही पड़ा।विशेषता इस बात में नहीं थी की अर्जुन ने उस विराट स्वरुप को देखा

अपितु विशेषता ये थी उस युद्ध क्षेत्र में बीच रणभूमि में उसे स्वयं जगद्गुरु से **निखिल-तत्व दर्शन दीक्षा** प्राप्त हुयी ,जिसके बाद उसके मनो मष्तिष्क से संशय-असंशय का भाव ही समाप्त हो गया और वो युद्ध के लिए पूरी तरह तत्पर हो पाया। महाभारत प्रतीक है ये समझाने के लिए की जीवन में बहुत बार जब हम आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ रहे होते हैं या ये कहा जाये की अपने अस्तित्व को समझने के लिए हम जूझ रहे होते हैं तब ऐसे में सद्गुरु निरंतर उस युद्ध को जीतने के लिए हमें अपने दिव्य वाक्यों से,विचारों से प्रेरित करते रहते हैं,परन्तु हमारी सामान्य मानव बुद्धि उस विचार को आत्म एकाकार कर ही नहीं पाती और तब ऐसे में पराजय निश्चित ही रहती है।

परन्तु यदि मनुष्य सद्गुरु से निखिल तत्व का ज्ञान प्राप्त कर ले तो इस पराजय को न सिर्फ टाला जा सकता है अपितु जीवन समर में पग पग पर सफलता प्राप्त होती ही है।

प्र० **निखिल तत्व की प्राप्ति कैसे संभव है** ?

उ० सबसे पहले ये समझना आवश्यक है की निखिल तत्व सद्गुरु प्रदत्त दिव्यता की पराकाष्ठा है ,इसके बाद कुछ भी शेष नहीं रह जाता है ,और ये सद्गुरु द्वारा करुणा के वशीभूत प्रदान किया गया वो प्रज्ञा तत्व होता है जो शिष्य को सम्पूर्ण भावों के मध्य ,सभी परिस्थितियों में स्थिरप्रज्ञता प्रदान कर देती है,तब ऐसे में उस शिष्य के ना सिर्फ दिव्य नेत्र ही जाग्रत हो जाते हैं ,अपितु भाव नेत्र,ज्ञान नेत्र और प्रेम नेत्र भी पूरी तरह खुल जाते हैं,तब प्रकृति का कोई रहस्य उससे छुपा हुआ नहीं रह सकता।

क्योंकि प्रत्येक नेत्र की अपनी एक विशेषता होती है,जैसे सामान्य भौतिक नेत्रों से हम प्रकृति की दिव्यता का अवलोकन नहीं कर सकते हैं ठीक वैसे ही दिव्य नेत्रों से हम भौतिक जगत और भाव जगत को नहीं देख सकते हैं। भाव नेत्र की अपनी विशेषता होती है ,ज्ञान नेत्र की अपनी और प्रेम नेत्र की अपनी। पर ये भी सत्य है की मात्र सद्गुरु के चरणों का आश्रय लेकर ही इन साधनाओं, विधियों और क्रियाओं की प्राप्ति की जा सकती है।

क्यूंकि इस तत्व को कोई आडम्बरी या स्वयं भ्रमित रहने वाला पाखंडी प्रदान कर ही नहीं सकता, और ये सत्य है की जिसके खुद के आत्मा रुपी दीपक में ज्ञान का तेल नहीं है वो भला कैसे किसी और को प्रकाशित कर सकता है। जिसे सत्य को देखने और सुनने के लिए किसी और की जरुरत होती है वो भला कैसे आपको सत्य से परिचित करवा सकता है, जो खुद भ्रमित हो, राग द्वेष से भरा हुआ हो भला वो औरों को कैसे मार्ग पर ला सकता है, जिसके खुद के पास निखिल प्रज्ञा नहीं हो वो किसी और को निखिल तत्व दे ही नहीं सकता।

नवचक्र तंत्र में कहा गया है की "**जो पिंड,पद,रूप और रूपातीत को सम्यक रूप से जानता है,वही गुरु हो सकता है**"। अर्थात पूर्ण और शुद्धतम ज्ञान ही गुरु का लक्षण है। **मालिनी तंत्र** में भी कहा गया है की मुमुक्ष के लिए स्वभ्यस्त गुरु ही श्रेष्ट है अर्थात जिसने खुद अभ्यास न किया हो वो आपको कैसे कुछ प्रदान कर सकता है। **तांत्रिक मतानुसार सद्गुरु मात्र ही परमशिव होते हैं अन्य नहीं।** अतः निखिल तत्व रुपीये प्रज्ञा शिष्य को स्वयं वो परब्रह्म ,वो प्रकृति पुरुष ही दे सकता है ,शिष्य के जीवन का सौभाग्य ही होता है की उसे सद्गुरु की प्राप्ति होती है और उनके चरणों का सहारा लेकर वो उस परम तत्व निखिल तत्व को आत्म एकाकार कर सकता है।

केवल वे सद्गुरु ही अनुग्रह कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में ये सामान्य घटना नहीं हो सकती है। शिष्य की विशेषता मात्र ये होनी चाहिए की वो पूर्ण आत्म-अनुसन्धान के मार्ग पर चलने के लिए तत्पर हो फिर स्वयं वो निखिल ही अपने तत्व को उसे प्रदान करते ही हैं। योग भाष्य में कहा भी गया है की –

"तस्य आत्मानुग्रहाभावे: अपि भुतानुग्रहः प्रयोजनं।

ज्ञान धर्मोपदेशेन कल्पप्रलय महाप्रलयेषु संसरिणः पुरुषां उद्धरिष्यामीति॥"

अर्थात उस परब्रह्म का अपना कोई प्रयोजन न होने पर भी कल्प प्रलय और महाप्रलय में अनुग्रह योग्य जीवों को अपने उपदेशों एवं क्रिया द्वारा ज्ञान एवं धर्म तत्व प्रदान कर उस परम सत्य की प्राप्ति करवाना ही उसका उद्देश्य है। ये परब्रह्म ही निखिल है अनादि गुरुतत्व है और सृष्टि के प्रारंभ से निखिलेश्वर रूप में शिष्यों और साधकों को निरंतर आनंद प्रदान कर श्री **निखिलेश्वरानंद** कहलाते हैं। जो स्वयं ही निखिल हो वही निखिल तत्व की प्राप्ति करवा सकता है।

निखिल तत्व प्राप्त साधक के लिए तंत्र के तीनों भावों और सातों आचारों की साधना पद्धति का रहस्य स्पष्ट हो जाता है।

आज बहुतेरे को तो ये भी पता नहीं होता है की आखिर ये भाव क्या होते हैं ,परन्तु साधक के लिए ये भाव ज्ञान होना अति आवश्यक है। क्यूंकि तभी सृष्टि की आदि शक्ति और परम सौभाग्य की दात्री **श्री साधना** के लिए आपकी योग्यता अनुसार भाव आपको सद्गुरु प्रदान करते हैं।

वस्तुतः निखिल तत्व और श्री को विभक्त किया ही नहीं जा सकता ये परस्पर एक दुसरे से गुंथे हुए हैं।निखिल तत्व प्राप्त किये बगैर श्री विद्या के रहस्य को साधक आत्म सात कर ही नहीं सकता।

जीवन में यदि पूर्णता पानी है तो ये दोनों ही सूत्र आत्मसात होने ही चाहिए। खैर वे भावत्रय हैं

दिव्य भाव

वीर भाव

पशु भाव

और सात आचार हैं:-

वेदाचार

वैष्णवाचार

शैवाचार

दक्षिणाचार

वामाचार

सिद्धान्ताचार

कौलाचार

इन्ही भाव और आचारों पर तंत्र व साधना की सभी पद्धतियाँ निर्धारित होती हैं, सभी पंथ और संप्रदाय इन्ही पर आधारित होते हैं।

प्र० **यहाँ श्री से क्या तात्पर्य है**?

उ० इसके लिए सबसे पहले श्री का अर्थ समझना होगा ,समग्र संसार माया से ही उद्भव होता है मलिन संसार अशुद्ध माया से उत्पन्न है और उसका प्रधान गुण आसक्ति ,दु:ख, निराशा,अविद्या और विनाश है।इन्ही दुर्गुणों का जब विनाश जिस ज्ञान से होता है उसे श्री कहा जाता है।अर्थात मलिन माया का विनाश करने पर जिस शक्ति की साकरता चंहु और दिखती है उसे ही जगत पालनकर्ता श्रीमन नारायण की शक्ति महामाया कहा जाता है।

श्री साधना की शक्ति से ही साधक इन महामाया के प्रभाव से मुक्त होकर अपना अभीष्ट लक्ष्य पा सकता है। तब कुछ भी दुर्भग्य नहीं होता है ,सब कुछ सौभाग्य में परिवर्तित हो जाता है। तब लक्ष्मी भी मात्र चंचला लक्ष्मी नहीं होती है अपितु श्री युक्त होने के कारण वो कल्याणकारी व स्थिर भी हो जाती हैं। और इसी श्री विद्या का सायुज्यीकरण निखिल तत्व से करने पर ब्रम्हांडीय रहस्यों पर छाया अशुद्ध माया का तिमिर अंधकार पर्दा हट जाता है और सब कुछ स्पष्ट दृष्टिगोचर होने लगता है।

प्र० **निखिल तत्व प्राप्ति का क्या क्रम होता है** ?

उ० वस्तुतः निखिल तत्व प्राप्ति की ये एक ही साधना होती है जो की **सिद्धाश्रम प्रणीत** हैं और उच्च कोटि के साधक,सिद्ध इसे संपन्न करते ही हैं ताकि वे निखिल तत्व को पूरी तरह से आत्मसात कर सके और उन प्रकृति रहस्यों से परिचित हो सके जो की आगामी हैं दुर्लभ और अप्राप्य हैं। और इस निखिल तत्व प्राप्ति साधना के ३ चरण होते हैं।

कभी सदगुरुदेव ने स्वयं ही इसके समस्त चरणों को अलग अलग समय पर समझाया था।इन साधनाओं की सबसे बड़ी विशेषता यही है की इसमें किसी भी प्रकार का आडम्बर नहीं होता है और न ही ये मंत्र कीलित ही होते हैं, प्रकृति स्वयं ही इनका उत्कीलन कर देती है। और यदि साधक पूर्ण स्थिरचित्त होकर इन मन्त्रों का जप करता है तो उसे मनोवांछित सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है।

१-**पूर्ण निखिलेश्वरानन्द प्रत्यक्ष तत्व सिद्धि साधना**- इस साधना के द्वारा साधक सीधे ही सदगुरुदेव द्वारा अभीष्ट दीक्षा की प्राप्ति करता है। उसकी एकाग्रता की गहनता उसे ध्यानावस्था में या स्वप्न में अभीष्ट दीक्षा सदगुरुदेव द्वारा प्राप्त करवाती ही है , और वो निखिल तत्व युक्त होता ही है।जो किसी भी काल की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

२- **पूर्ण शक्तिपात सिद्धि साधना** - इस साधना के द्वारा साधक ने पूर्व जीवन,पूर्व काल में जो भी दीक्षा ली हो उन शक्ति को तो पूर्ण रूपें प्राप्त करता ही है साथ ही साथ वर्तमान में भी दिव्य सिद्धों के द्वारा जो शक्तिपात उस पर परोक्ष या अपरोक्ष रूप से होते हैं ,उन्हें भी वो संगृहीत कर प्रयोग कर पाने में समर्थ हो पाता है।

३-**अद्वितीय ब्रम्ह्त्व गुरु साधना** – सदगुरुदेव के पूर्ण विराट रूप के दर्शन और उनका आत्म एकाकार करने के लिए तृतीय और अंतिम चरण जिसके बाद कुछ और एक शिष्य के लिए बाकि नहीं रह जाता है।

ठीक इसी प्रकार **श्री साधना** की सम्पूर्णता दो चरणों से होती है :-

१- **निखिल तत्व सायुज्य भगवती राज राजेश्वरी साधना**- जीवन की आधारभूत साधना ,जिसके द्वारा अभीष्ट सफलता पाता हुआ साधक पूर्ण श्रीयुक्त जीवन प्राप्त कर पाता है।

२- **श्री प्राप्ति हेतु महानिशा साधना के ५ प्रयोग** – दीपावली की इतनी महत्ता क्यूँ है और इसके पांचो दिन कौन से विधान किये जाते हैं की जिससे एक पूर्ण क्रम होता है,आयु,आरोग्य,रक्षा,धन और अभीष्ट प्राप्ति का।

==

Q.**What is Nikhil Tatva, and whats its importance to us?**

A.The Creation's enlargement i.e. substance, knowledge, universe, real state and energy or spiritcomprised in the state called Akhil (Whole). And the same Akhil when comprises in the essence or notion is Known as **"Nikhil**"... After realizing such type of state the layer of lack of knowledge gets clear and light of knowledge is blowout everywhere.. And then after getting relieved with all pains and grieves only happiness remains in life….

All possibilities of degradation gets concealed and if something remains is only and only advancement personal growth. Well this can be defined in difficult words, but if it would have been fathom properly then besides such easy word no other words can be expressed more. And whatever had been explained above is in the simplest form. Because whenever explanations regarding this topic have been taken, even all Shastras and Vedas found helpless to put in easy words. Even this has been said, -

" Asit giri samam syaat kajjal sindhu paatre……..

……………………………………Paaram na Yaati"

Therefore only such Connotation is important which is easily acceptable by heart. Still this can be explained by one example:-

In Dwapar Yug Mahabharata, while the time of war, God Krishna had shown the (Bhrahmaandiya) universal form to Arjun, but before showing such form he always insisted him to do war by indicating Bhagvad Gita's divine thoughts and that's your fortune. And you are born with this destiny only. But Arjun was reluctant to imbibe this truth.

Ultimately after all such indication he failed to understood what Krishna wants to tell him because sometimes it happens when Sadguru himself tells truth but still shishya is not ready to imbibe it because of blurredness. In resultant he dont even noticed that the fact which he had been denied is told by his own Sadguru. In such situation he is bound to face defeat and So in such circumstances Sadguru penetrate his Nikhil tatva in Shishya.

For doing such tedious procedure Sadguru does the Divya Netra Jaagran wonderful activity exactly as Arjun when he found incapable to grasp the secret knowledge told by Lord Krishna so Lord Krishna had to express his Viraat swarup (Universal form) for him.

Here, Arjun's lookout of Viraat swarup of Lord krishna was not that important rather he got the "**Nikhil – tatva Darshan Deeksha**" in mid of the war keeps more importance. After which neither any type of suspiciousness nor a single negative thought remain in him. And he got completely ready for war in real sense.

Well here Mahabharat is just a symbol to make us understand that when we are on fight of our self-respect or I can say for self-identity, in such situation our Sadguru is always indicates us by divine thoughts, sentences but our commonsense doesn't allowed us to receive such knowledge and ultimate we face failure. Isn't it? But if human receive Nikhil Tatva knowledge from Sadguru then not only failure can be avoided but also success is welcomed for rest of the life.

Q. **How Nikhil Tatva can be achieved?**

A. First of all this is very important to understand that the Nikhil Tatva is ultimate level of divineness given by Sadgurudev., Beacause then nothing is left behind. And this tatva is that one which is bowed by Sadgurudev in kindness mode which not only keeps us stable at emotional level but also keeps stiff firm in all types of situations. In such circumstances, that's shishya's not only divine eyes are opened but expressing eyes, knowledge eyes, love eyes also opens up completely. Then no such secrets of nature remain unrevealed by him.

Because each type of eyes possess unusual significance in it. Exactly the way we can't see the divineness of nature by sheer lame eyes similarly by divine eyes we are unable to figure out materialistic world. Expressive eyes possess different importance so as knowledge eyes and love eyes. But this is also truth that without the Sadgurudev shelter this is just next to impossible.

This is because any tom, dicks and neither do not harry nor any self-misled hypocritical can give such knowledge. And this is also truth that one who does not possess any lamp form divine knowledge cannot enlighten any others lamp, how can he introduce you to the real truth…isn't it? The one who contained anger, hatred misled how he can show the right path to other ones. The one who doesn't possess Nikhil Pragya cannot bow Nikhil tatva to anybody else.

In **Nav Chakra Tantra** it has been said, "**Jo Pinde, pad, rup, aur rupatit ko samyak rup se jaanta hai**, vahi guru hota hai." Means – Complete and pure knowledge is the sign of being Guru. In **Malini Tantra** also said that desire for release from **birth is better gained by practicing Guru. I mean the one who have practically experienced it**. Its but obvious who haven't yet done practically how he can spread it to others.

According to Tantrikis Sadguru himself is Paramshiv no one else. Therfore Nikhil Tatva form Pragya has been given by the one who is Ultimate almighty and ultimate nature man, It's the good fortune of Shishya that he mets Sadguru in same birth. And due to which support he steps forward towards Nikhil Tatva and imbibe it completely. It can be done only by Sadguru. And in state it cannot be count as a normal happening. Shishya specialty should be this that he should always be in self-search.. so slowly n slowly sadguru himself notices the specialty and sows the Nikhil Tatva in shishya. In Yog Languauge it has been said –

" Tasya Aatmaanugrahabhave aapi bhutaanugrah prayojanam.

Gyaanam dharmopdeshen kalppralay mahapralayeshu sansrin purusham uddhrishyaameeti."

That means their must not be any personal motive of Parabhrahma, but then also in Kalp Pralay and Maha Pralay he favoured the eligible soul, by indicates and process they make sure that the Tatvas related to knowledge and religion get prominent in them in order achieve the ultimate truth of the life. Thats the only motive of Parabhrama.

This Parabhramha is only Nikhil "The eternal Gurutva" and since starting of creation in the form of Nikhileshvar, he bows happiness to their shishyas and Sadhakas and being recognised as **"Shree Nikhileshvaranand**". The one who himself is Nikhil can only gives us Nikhil Tatva.

Fir the gainer of Nikhil Tatva Sadhak, the three Bhavas of Tantra and Seven mannersim of life Sadhna procedure secrets becomes crystal clear.

Even many people wouldn't be aware that what does this 'bhav' meant so? But for sadhak it is quiet essential to know about it. Because then only the Sadgurudev grants you the Bhaav as per our eligibility for Aaadi Shakti of Creation and best fortune giver **"Shree Saadhna**" .Basically Nikhil Tatva and Shree cannot be seperated, they are plaited with each other. Without earnng Nikhil tatva, a sadhak cannot imbibe Shree Vidya secrets. If you want completeness in life then both these sutras are needed.

Well these Bhavas are :

Divya Bhav (Divine form)

Veer Bhav (Courageous form)

Pashu Bhav (Brute form)

And the seven Conduct are :-

Vedaachaar

Vaishnavaachaar

Shaivaachaar

Dakshinachaar

Vaamachaar

Siddhaantachaar

Kaulaachaar

Only on such Bhavaas and Conduct of life, all the processes of Tantra and Sadhnaas are based. Even all the paths and doctrines are also based on same.

Q. **Now the question arises here is what do you understand by 'Shree'**?

A. First of all let's understand the meaning of word 'Shree', in whole world is produced by Supernatural power called Maya. This filthy world is originated from Maya and its prime feature attachment, pain, disappointment, illiteracy and destruction. When these bad qualities get destroyed by the knowledge and that knowledge is known as Shree. Means after destruction of this filthy Maya, the remaining Shakti power has been named by the creator of world Shree Narayan i.e. his power 'Mahamaya'.

Only by achievement of Shree Sadhna power one can discharge from the impacts of Mahamaya and able to attain wishes. Then nothing remains disastrous, everything gets converts into good fortune. Then Lakshmi doesn't remain trembling, in fact unify with Shree, she became kind and stable. When this Shree Vidya's Sayujjyikaran (Beatific state of communion) merges with Nikhil Tatva, the black layer of lack of knowledge automatically get disappear and it's open up with the universal secrets with clear vision.

Q. **What's the serial of achievement of Nikhil Tatva**?

A. Actually **there is only one sadhna prescribed for Nikhil Tatva from Siddhaashram** and this is accomplished by high level of siddhas and sadhaks so as to get the essence of Nikhil Tatva completely and the secrets regarding nature became easy which would be found in rare. Well this can be earned by three steps in sadhna.

Often Sadgurudev had already explained it on various occasions. The main specialty of this sadhna is its unpretentious neither these mantras are pinned. Nature itself unpinned it. And if Sadhak attempts it with full concentration then definitely his wish is going be achieve, no one can stop him.

1. **Poorna Nikhileshvaranand Siddhi Saadhna** :- Via this sadhna the sadhak directly earns the Abheesth diksha by Sadgurudev. The depth of his concentration turns his Diksha kram either in dreams or while meditating from Sadguurdev, which is the biggest achievement in any era.

2.**Poorn Shaktipaat Siddhi Prayog** :- Via this sadhna the sadhak not only revives his past life power and diksha as it is but also become capable of handling the present dikshas given by the Divine siddhs directly or indirectly.

3.**Adviytiy Bramhatva Guru Sadhna** ;- He would be able to see the Viraat Swarup of Sadgurudev and unification of soul he reached till 4th and the last step after that for sadhak nothing remains then.

Exactly In same manner the Shree sadhna achievement can be done in two forms :-

1. **Nikhil Tatva Sayujya Bhagvati Raj Rajeshvari Sadhna** – Base of life, via which sadhak achieves desired success and steps forward and spend Shreeyukt life. (Completeness of life)

2. **Mahanisha Sadhna 5 process** – why Deepavali is so important and on this 5 days of Deepavali which five sadhnas can be done by which full count is done, Age, health, safety, wealth and desires can be fulfilled.

Purn nikhileshwaranand Prtyksh tatv siddhi sadhana

अब हमारे प्राणाधार पूज्य सदगुरुदेव दूर कहाँ ...

जीवन में कई बार मन बैचेन हो जाता है ये सोच कर की काश हमने सदगुरुदेव को देखा होता ,उनका साक्षात् किया होता ,उनसे शक्तिपात और दीक्षा पाई होती ,पर आज ये कहाँ संभव है ??

पर सत्य इससे बिलकुल विपरीत है। मुझे याद है की जब सदगुरुदेव ने ये उद्घोष दिया था की "**आने वाली पीढियाँ याद करेंगी की तुमने निखिलेश्वरानंद को देखा है**" और ये कोई सामान्य उद्घोष नहीं था, अपितु इसके पीछे उनके मन की पीढा भी थी, वे कालदृष्टा थे जिनके लिए भूत,वर्तमान,भविष्य कुछ भी अगोचर या छिपा हुआ नहीं था ,और इससे भी बड़ी बात ये थी की वे दूरदृष्टा थे जिन्होंने अपनी सभी योजनाये अपने जीवन में ही क्रियान्वित कर दी थी ,जिस के कारण सभी शिष्यों को उनका साहचर्य निरंतर प्राप्त होता रहे।

कितनी विचित्र बात है ना की हम तब ये विश्वास करते थे की सदगुरुदेव नित्य प्रति शिष्यों को दिशा निर्देश दिया करते हैं। परन्तु आज स्थिति बदल गयी है ,आज हमारी श्रृद्धा की डोर इतनी कमजोर हो गयी है की हमारा कुतर्की मन कदापि ये मानने के लिए तैयार नहीं होता है की सदगुरुदेव हमसे संपर्क करेंगे, या हमें साधना या जीवन सम्बन्धी दिशा निर्देश देंगे। इतने कमजोर विश्वास पर तो हमारा साधना जीवन टिका हुआ है।मैं यहाँ किसी तत्व विवेचना की बात ही नहीं कर रहा हूँ।

कोई गूढ़ ज्ञान की चर्चा नहीं कर रहा हूँ। यदि यहाँ कुछ बता रहा हूँ तो वो मात्र उन शिष्यों की पीड़ाएँ हैं जिन्होंने उस परमगुरु ,उस परम सिद्ध योगेश्वर के साहचर्य लाभ की अभिलाषा में ना जाने कितनी रात तकिये में मुँह छिपाए रोते हुए बिताए हैं, असंख्य रात्रि तकिये के कपड़ो पर आंसुओं से सदगुरुदेव की आकृति उकेरते रहे।पर क्या किसी ने उनकी पीड़ा समझी ,नहीं ना।

क्या ये सब असंभव है ??

कदापि नहीं बहुतेरे साधक इस बात के गवाह हैं की सदगुरुदेव ने भावावस्था, ध्यानावस्था या स्वप्नावस्था में आकार उन्हें उनकी जिज्ञासाओं का समाधान दिया या उनकी इप्सित दीक्षा प्रदान कर उन पर अपने अनुग्रह की अजस्त्र वर्षा की। तंत्र की सम्भावना असीम है ,जहाँ से मानवीय सोच की सीमा समाप्त होती है वहाँ से तंत्र का आरंभ होता है।

सदगुरुदेव ने अपने गृहस्थ जीवन में ही इन सूत्रों को अपने शिष्यों को प्रदान कर दिया था और वे सदैव कहते थे की मेरे शिष्य मेरे ज्ञान की पूँजी को सदैव संभाले रहेंगे ।

मेरा ज्ञान वास्तविक तौर पर सदैव इनके साथ रहेगा ,क्योंकि इनका मेरी भौतिक संपत्ति से कोई लेना देना नहीं है अपितु इन्हें मेरे ज्ञान की प्यास है, और मैं इन्हें दीपक नहीं अपितु हीरक खंड और सूर्य बनाने के लिए ही सिद्धाश्रम से आया हूँ। बहुत बार जब वे किसी दीक्षा का विवरण देते थे तो साथ ही ये भी कह देते थे की मेरे अतिरिक्त इस पूरे ब्रह्माण्ड में ये ज्ञान तुम्हे कोई और नहीं दे सकता है और इसके आगे का क्रम तो कदापि कदापि किसी और को ज्ञात होगा ही नहीं।

राजयोग,राज्याभिषेक, सम्राटाभिषेक , पट्टाभिषेक के बाद कहाँ गया इसका अगला क्रम जिसे सिद्ध योगी "**ब्रम्हांड पार्श्विकरण दीक्षा**" के नाम से जानते हैं। कहाँ गयी "**पूर्णाभिषेक दीक्षा**" प्रदान करने का वो विधान जिसे पाने के लिए प्रत्येक साधक लालायित रहता है।

आज तो रसेश्वरी दीक्षा के लिए भी यही सुनने को मिलता है की "**सब सोना बनाना चाहते हैं**" अरे सोना बनेगा तो तब जब उस साधक को उसका विधान ज्ञात हो। क्या रसेश्वरी दीक्षा का इतना ही महत्त्व है जबकि **रसेश्वरी दीक्षा** जीवन और भाग्य को हीरक कलम से लिखने की क्रिया है जिसके विविध आयाम हैं।

"**पंचमहाभूत दीक्षा**" को कपोल कल्पना करार दे दिया गया है जबकि और भी कई **दुर्लभ दीक्षाओं का विधान सदगुरुदेव की ओजस्वी और दिव्य वाणी में आज भी मेरे और कई वरिष्ट गुरु भाइयों के पास सुरक्षित है**। और जो जब कहे मैं तब सुना सकता हूँ , **रिकार्डिंग तब भी होती थी** , अरे दीक्षा आप ही देंगे , क्योंकि आप को ही नियुक्त किया है , हमें नहीं।

पर जब इसके बाद भी शिष्य को मात्र भजन और नृत्य मिले तो साधक का जीवन कैसे प्रगति करेगा । कोई साधनात्मक उन्नति नहीं , तब मात्र सदगुरुदेव का आश्रय लेना ही श्रेष्ट होता है। और आज भी सदगुरुदेव द्वारा प्रदत्त "**गुरु आहूत मन्त्र**" उतना ही प्रभावी है जितना तब।

जो परमहंस होते हैं वे रिश्तों में नहीं अपितु अपने शिष्यों के कल्याण चिंतन में सदैव व्यस्त रहते हैं। इसके लिए उन्हें मात्र पूर्ण आग्रह युक्त हृदय चाहिए होता है और कुछ की आवशयकता कदापि नहीं होती। तंत्र के कई ऐसे विधान उन्होंने अपने शिष्यों को प्रदान किये हैं जिनका प्रयोग कर शिष्य आज भी सीधे उन्ही से मनोवांछित दीक्षा पूर्ण आग्रह के साथ प्राप्त कर सकता है।

सामान्य अवस्था में स्वप्नावस्था या ध्यानावस्था में ये दीक्षाएं या समाधान प्राप्त होते हैं ,जो की सामान्य घटना कभी नहीं कही जा सकती है क्यूंकि आप लाख किसी भी इष्ट की उपासना करे तब भी वो देवी देवता या शक्ति आपके स्वप्न में नहीं आएगी क्यूंकि **अचेतन मन परा तत्व को पकड़ ही नहीं सकता , ये तभी हो सकता है जब आप का मन पूर्ण चैतन्य हो आर आपकी प्रज्ञा का योग आपके इष्ट की या सद्गुरु की प्रज्ञा से हो गया हो।**

परन्तु स्वप्न मात्र में नहीं अपितु अति उच्च अवस्था में यदि सतत मन्त्र का प्रयोग किया जाये तो निश्चित ही सूक्ष्म शरीर के द्वारा या प्रत्यक्ष भी शक्तिपात रुपी असीम अनुग्रह प्राप्त हो जाता है।

साबर महाविशेषांक में सदगुरुदेव आवाहन और दर्शन मंत्र का विवरण दिया गया है , जिसका लाभ बहुत से साधकों ने उसे प्रायोगिक रूप से करके उठाया है। हम जो भी प्रयोग तंत्र-कौमुदी में देते हैं वे अनुभूत या सदगुरुदेव द्वारा प्रदत्त होते हैं। जिन्हें निसंकोच आप प्रयोग करके लाभ उठा सकते हैं। आलोचना का दृष्टिकोण अपनी जगह सही है परन्तु वो तभी ठीक है जब पहले विषय वस्तु को परख लिया गया हो, अन्यथा कुतर्क का कोई जवाब नहीं है। आज अपने कलेजे में छिपाए हुए उसी प्रयोग को मैं आप सभी के सामने दे रहा हूँ , जिसका लाभ मेरे समेत बहुत से वरिष्ट गृहस्थ और सन्यासी भाइयों और बहनों ने लिया है।

ये साधना २१ दिनों की है और पूर्ण पवित्रता के साथ इस साधना को संपन्न किया जाता है, सामग्री के नाम पर सदगुरुदेव का तेजस्वी चित्र ही अनिवार्य है और एक स्फटिक माला तथा ५ पंचमुखी रुद्राक्ष की आवशयकता होती है। साधना के पहले गुरु मंत्र का सवालाख जप अवश्य कर ले तत्पश्चात ही इस दिव्य साधना में अग्रसर हो। पवित्रता अनिवार्य है।

नित्य ब्रह्ममुहूर्त में इस साधना को संपन्न किया जाता है इसमें दो दिव्य मन्त्रों का प्रयोग किया जाता है। हाँ ध्यान रखने योग्य बात है की साधक एक समय शुद्ध सात्विक भोजन करे और पूर्ण मानसिक शारीरिक ब्रह्मचर्य का पालन करे, ये कभी ना भूले की ये कोई सामान्य साधना नहीं है अपितु जीवन परिवर्तित करने वाली उस परम पुरुष की जगद्गुरु की साधना है ,उन्हें रोम रोम में आत्म-एकाकार करने की साधना है।

श्वेत वस्त्र धारण कर शुक्ल पक्ष के किसी भी गुरूवार को ब्रह्ममुहूर्त में उत्तराभिमुख अपने सामने बाजोट पर सदगुरुदेव का चित्र स्थापित कर ले ,इसके सामने अष्टगंध से एक वृत्त बना ले और उस वृत्त की रेखाओं पर पञ्च अक्षत की छोटी छोटी ढेरियाँ बना दें,और उस वृत्त के मध्य में ॐलिख दें ,उन ढेरियों पर एक एक रुद्राक्ष स्थापित कर दें। जहाँ ॐलिखा है वहाँ गुरु पादुका या गुरु यन्त्र स्थापित कर दें। इस गोले के और गुरु चित्र के मध्य घी का दीपक स्थापित कर दें। और पूर्ण विधान से सदगुरुदेव के चित्र और यन्त्र का पूजन करे।तथा उन रुद्राक्षों पर एक एक करके –

